आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 11 -● जबलपुर ● शुक्रवार, 10 फरवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 5 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## जम्मू-कश्मीर के रियासी में 59 लाख टन भंडार

# देश में पहली बार मिला लिथियम

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** देश में पहली बार 59 लाख टन लिथियम के भंडार का पता चला है। लिथियम की यह पहली साइट है, जिसकी पहचान जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में की है। लिथियम एक ऐसा नॉन फेरस मेटल (अलौह धातु) है, जिसका उपयोग मोबाइल-लैपटॉप, इलेक्ट्रिक व्हीकल समेत अन्य चार्जेबल बैटरी बनाने में किया जाता है। यह एक रेअर अर्थ एलीमेंट है।भारत लिथियम के लिए अभी पूरी तरह दूसरे देशों पर निर्भर है। ऐसे में इसके भंडार मिलने से दूसरे देशों पर निर्भरता कम होगी। देश में लिथियम के प्रयोग को देखते हुए यह भंडार बहुत महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। केंद्रीय खनन मंत्रालय के सेक्रेटरी विवेक भारद्वाज ने सेंट्रल जियोलॉजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की मीटिंग में कहा कि चाहे



मोबाइल फोन हो या सोलर पैनल, हर जगह महत्वपूर्ण खनिजों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिए देश के लिए महत्वपूर्ण खनिजों का पता लगाना और उन्हें स्टोर करना बहुत जरूरी है। विवेक ने यह भी कहा कि अगर सोने का आयात कम किया जाता है, तो हम आत्मनिर्भर बन जाएंगे। पिछले साल राज्यसभा सत्र में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी थी कि कर्नाटक के मंड्या जिले में लिथियम के सोर्स मिले है।

### GSI ने 51 खनिज के ब्लॉकों की रिपोर्ट राज्य सरकारों को सौंपी

62वीं CGPB की मीटिंग के दौरान GSI ने लिथियम और गोल्ड समेत 51 खनिज के ब्लॉकों की रिपोर्ट राज्य सरकारों को सौंपी। GSI ने फील्ड सीजन 2018-19 से अब तक किए गए कामों के आधार पर यह रिपोर्ट सौंपी है। इनके अलावा, कुल 7897 मिलियन टन संसाधन वाले कोयला और लिग्नाइट की 17 रिपोर्टें भी कोयला मंत्रालय को सौंपी गई। लिथियम एक रेअर अर्थ एलीमेंट है। भारत अभी तक अपने लिथियम की 100 प्रतिशत जरूरत चीन और अन्य देशों के जरिए पूरा करता था।



## ISRO: इसरो का SSLV-D2 रॉकेट लॉन्च सफल

### तय समय में पृथ्वी की कक्षा में पहुंचाई तीन सैटेलाइट

**नई दिल्ली ईएमएस।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने शुक्रवार को अपने नए और सबसे छोटे रॉकेट स्स्स्क्ष-ष2 को अंतरिक्ष में लॉन्च कर दिया। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन स्पेस सेंटर से यह लॉन्चिंग की गई। अब खबर आई है कि एसएसएलवी-डी2 ने सफलतापूर्वक तीनों सैटेलाइट्स को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर दिया है। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने तीनों सैटेलाइट को ऑर्बिट में सही जगह पहुंचाने के लिए टीमों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि एसएसएलवी-डी1 के दौरान जब दिक्कतें आईं, हमने उनका विश्लेषण किया और जरूरी कदम उठाए और यह सुनिश्चित किया कि इस बार लॉन्चिंग सफल रहे। इससे पहले एसएसएलवी-डी2 ने अपने साथ तीन सैटेलाइट लेकर अंतरिक्ष की उड़ान भरी, जिनमें अमेरिकी की कंपनी अंतारिस की सैटेलाइट Janus-1, चेन्नई के स्पेस स्टार्टअप स्पेसकिड्ज की सैटेलाइट 5aadiSAT-2 और इसरो की सैटेलाइट EOS-07 शामिल थी। ये तीनों सैटेलाइट्स 450 किलोमीटर दूर सर्कुलर ऑर्बिट में स्थापित किए गए। इसरो के अनुसार, एसएसएलवी 500 किलोग्राम तक की सैटेलाइट को लोअर ऑर्बिट में लॉन्च करने में काम में लाया जाता है। यह रॉकेट ऑन डिमांड के आधार पर किफायती कीमत में सैटेलाइट लॉन्च की सुविधा देता है। 34 मीटर लंबे एसएसएलवी रॉकेट का व्यास 2 मीटर है। इस रॉकेट का वजन 120 टन है।

## राज्यसेवा 2022 के आवेदन की मियाद एक सप्ताह बढ़ी

**इंदौर, यशभारत।** मप्र लोकसेवा आयोग (पीएससी) ने राज्यसेवा परीक्षा-2022 और राज्य वनसेवा परीक्षा-2022 के आवेदनों के लिए मियाद बढ़ा दी है। अभ्यर्थी अब 16 फरवरी तक आनलाइन आवेदन जमा कर सकेंगे। पूर्व घोषित प्रक्रिया के अनुसार 9 फरवरी यानी गुरुवार को दोपहर 12 बजे आनलाइन आवेदनों के लिए लिंक बंद होना थी। आखिरी समय पर आनलाइन नेटवर्क में आई समस्या के कारण पीएससी ने तारीख बढ़ा दी है। मप्र लोकसेवा आयोग ने मियाद बढ़ाने की घोषणा करते हुए सूचना जारी की है कि दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन अब 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे तक दाखिल हो सकेंगे।

## हिंडनबर्ग पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट आज यानी शुक्रवार को अडाणी ग्रुप के खिलाफ हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से जुड़ी दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। याचिका में अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है। एडवोकेट एमएल शर्मा और विशाल तिवारी की दायर जनहित याचिकाओं में दावा किया गया है कि अमेरिका स्थित हिंडनबर्ग ने अडाणी के शेयरों शॉर्ट सेल किया जिससे निवेशकों को भारी नुकसान हुआ। तिवारी ने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने देश की छवि को धूमिल किया है। यह अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। वहीं शर्मा की याचिका में दावा किया गया है कि रिपोर्ट पर मीडिया प्रचार ने बाजारों को प्रभावित किया, और हिंडनबर्ग के फाउंडर नाथन एंडरसन भी भारतीय नियामक सेबी को अपने दावों का प्रमाण देने में विफल रहे। एडवोकेट ने चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने मामले की अर्जेंट लिस्टिंग की अपील की थी।



### हिंडनबर्ग ने शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए

24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी ग्रुप को लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। रिपोर्ट में ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए गए थे। रिपोर्ट के बाद ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली थी। शुक्रवार यानी 3 फरवरी को अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1000 रुपए के करीब पहुंच गया था।

## रोहित ने शतक जड़कर रचा इतिहास

# भारत के 5 विकेट पर 177 रन

**नागपुर, एजेंसी।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर टेस्ट में शतक जड़ दिया है। सलामी बल्लेबाज करने उतरे रोहित ने टेस्ट मैच के दूसरे दिन लंच के बाद 171 गेंदों पर अपना 9वां टेस्ट शतक पूरा किया। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका पहला ही टेस्ट शतक है। उन्होंने 14 चौके और दो छक्कों की मदद से अपना शतक बनाया। कप्तान के रूप में रोहित का यह पहला टेस्ट शतक है। पिछले साल ही विराट कोहली के पद छोड़ने के बाद रोहित को भारतीय टेस्ट टीम की भी कप्तानी मिली थी। पहली पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम के 177 रनों के जवाब में टीम इंडिया ने 5 विकेट पर 177 रन बना लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा क्रीज पर हैं। सूर्यकुमार यादव 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नॉथन लायन ने बोल्ड कर दिया।



इससे पहले, विराट कोहली 12 रन, चेतेश्वर पुजारा 7 रन, रविचंद्रन अश्विन 23 रन और केएल राहुल 20 रन बनाकर आउट हुए। डेब्यू मैच खेल रहे टॉड मर्फी ने चार विकेट चटकाए हैं। जबकि एक विकेट नॉथन लायन को मिला। रोहित शर्मा ने कप्तान के रूप में इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक ठोक दिया है। वह ऐसा करने वाले भारत के पहले कप्तान हैं। विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी जैसे दिग्गज भी यह कारनामा नहीं कर पाए थे। 2017 में रोहित ने पहली बार वनडे और टी20 में कप्तानी की थी।

## 2022 में 2.25 लाख लोगों ने छोड़ी भारतीय नागरिकता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने संसद में बताया है कि वर्ष 2011 से अब तक 16 लाख से अधिक लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी है। इनमें सर्वाधिक 2,25,620 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने 2022 में भारतीय नागरिकता छोड़ी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। जयशंकर ने उन 135 देशों की सूची उपलब्ध कराई है जिनकी नागरिकता भारतीयों ने ली है। जिन देशों की नागरिकता भारतीयों ने ली है उनमें अमेरिका, ब्रिटेन,रूस, स्पेन जैसे देशों के साथ ही पाकिस्तान, इराक, युगांडा, सूडान और यमन जैसे देश भी हैं।



## तीसरी बेटी जन्मी तो भाजपा नेता की पत्नी ने अगवा कराया, मंदिर के बाहर छोड़ा

### दिल्ली पुलिस ने आधे घंटे में बरामद किया, कांग्रेस बोली- ये है बेटी बचाओ अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासु रूखड की डेढ़ महीने की बच्ची का बुधवार को दिनदहाड़े अपहरण होने की खबर से बुधवार शाम हंगामा हो गया। पुलिस ने आधे घंटे के अंदर बच्ची को बरामद कर लिया। देर रात पुलिस जांच में पता चला कि यह अपहरण नहीं था। तीसरी बच्ची पैदा होने पर भाजपा नेता की पत्नी ने ही बच्ची को मंदिर के बाहर छोड़ दिया था। दिल्ली पुलिस को सूचना मिली थी कि भारतीय जनता युवा पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष की दुधमुंही बेटी का अपहरण कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने आनन-फानन में इलाके में नाकाबंदी कर दी। आधे घंटे बाद पुलिस को सूचना मिली कि एक बच्ची मैरिस नगर दौलत राम कॉलेज के पीछे शनि मंदिर के बाहर सीढ़ियों पर मिली है।




पुलिस ने परिजन को बुलाकर पहचान कराई और बच्चा उनके सुपुर्द कर दिया।भाजपा नेता बासु रूखड की पत्नी मनजीत बुधवार शाम करीब पांच बजे अपनी डेढ़ महीने की बच्ची को लेकर झंडेवालान मंदिर में दर्शन करने पहुंची थी। दर्शन करने के बाद जब वह घर जाने के लिए मंदिर से निकलीं तो कुछ ही दूरी पर पीछे से हेलमेट पहने बाइक सवार दो बदमाश आए। पीछे बैठे बदमाश ने उनके हाथों से बच्ची को छीन लिया। उन्होंने बदमाशों का काफी दूर तक पीछा भी किया, लेकिन वह भाग गए।

## क्या लव जिहाद में हुई महिला सिपाही की हत्या?

### बिहार की कांस्टेबल के केस में परिवार के सनसनीखेज आरोप

**पटना, एजेंसी।** बिहार के कटिहार में हुए सिपाही के मर्डर केस ने नया मोड़ ले लिया है। सात फरवरी को प्रभा अपने घर में एक दिन की छुट्टी मनाने के बाद वापस कटिहार लौट रही थी। रास्ते में महिला सिपाही की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद पूरे इलाके में खासा हड़कंप मच गया। कांस्टेबल प्रभा के परिवारवालों ने सनसनीखेज आरोप महिला के बॉयफ्रेंड मोहम्मद हसन पर लगाए हैं। परिवारवालों ने बताया कि ये जानबूझकर की गई हत्या है जिसे छोटू हसन नाम के शख्स अंजाम दिया है।



परिवारवालों के मुताबिक कुछ साल पहले हसन ने अपना नाम बदलकर प्रभा से दोस्ती की थी। काफी समय तक दोनों रिलेशन में थे, लेकिन इस बीच जब प्रभा को छोटू के धर्म के बारे में पता चला तो उसने हसन से अलग होने का फैसला किया। परिवारवालों का कहना है कि हसन प्रभा पर जबरदस्ती शादी का दवाब बनाने लगा, लेकिन धर्म अलग होने की वजह से प्रभा उससे शादी नहीं करना चाहती थी। उसने प्रभा को धमकियां देनी शुरू कर दी थी। दो साल से वो अलग-अलग तरह से प्रभा को डराने धमकाने की कोशिश करता था। वो

## पाक को झटका

# आईएमएफ ने 10 दिन पलटीं फाइलें ,धेला नहीं दिया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** आर्थिक संकट में फंसे पाकिस्तान के लिए शायद इन दिनों कुछ भी अच्छा नहीं चल रहा है। इंटरनेशनल मोनेटरी फंड (आईएमएफ) की टीम ने 10 दिनों तक राजधानी इस्लामाबाद में फाइलें पलटी और अब बिना किसी फैसले के ही वापस जा चुकी है। आईएमएफ की टीम ने शहबाज शरीफ सरकार के एक- एक विभाग की जांच की। इस दौरान उसने पता लगाया कि कितनी रकम कहां खर्च होती है। फिर भी 7 अरब डॉलर के लोन की मांग पर अब तक कुछ भरोसा नहीं दिया है। पाक सरकार ने खुद माना है कि हमारी आईएमएफ से यही बात हुई है कि आगे भी बातचीत जारी रखेंगे। पाकिस्तान के वित्त सचिव हमीद याकूब शेख ने कहा, च्सभी मुद्दे सेटल कर लिए गए हैं और अब आगे बातचीत जारी रहने पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में स्टाफ लेवल एग्रीमें किया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि आईएमएफ के साथ किन मुद्दों पर बात बनी है और आगे क्या संभावना है। फिलहाल आईएमएफ की टीम लौट रही है और अपनी लीडरशिप को पाकिस्तान के बारे में रिपोर्ट देगी। इसके बाद दो से तीन दिन में कुछ फैसला हो सकेगा।यहां तक कि पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार के प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पर भी आईएमएफ ने रोक लगा दी है। उसका कहना है कि लोन के बारे में कोई अंतिम फैसला लिए जाने से पहले ऐसा न किया जाए। गुरुवार को नीडिया के सामने आकर पाकिस्तानी वित्त मंत्री को बयान जारी करना था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका और उनके घर के बाहर पत्रकार इंतजार ही करते रह गए। गौरतलब है कि पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ खुद भी आईएमएफ की सख्ती पर चिंता जता चुके हैं। उन्होंने पीजोके में एक कार्यक्रम में कहा था कि आईएमएफ की टीम इस्लामाबाद में बैठकर हमारी हर फाइल देख रही है।



## ऑपरेशन दोस्त ने जीता दिल

# 6 साल की बच्ची को मलबे से जिंदा निकाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तुर्किये और सीरिया में आए भूकंप को करीब पांच दिन हो चुके हैं, लेकिन यहां मलबे के नीचे से लाशों के निकलने का सिलसिला अभी भी जारी है। तबाही का मंजर यह है कि शहर के शहर बर्बाद हो चुके हैं और सबकुछ खत्म हो चुका है। इसके बावजूद लोगों को आस है कि मलबे के नीचे उनका कोई अपना फंसा होगा और वो जिंदा होगा। तुर्किये और सीरिया में बीते दिनों आए विनाशकारी भूकंप के बाद मरने वालों की संख्या 21 हजार पार कर गई है। मुश्किल समय में तुर्किये की मदद करने वालों में भारत भी पीछे नहीं रहा है। ऑपरेशन दोस्त के जरिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तीन टीमें वहां मिशन में जुटी हैं। ताजा खबर यह है कि तुर्किये के गजियांटेप में एक इमारत के मलबे से छह वर्षीय बच्ची को एनडीआरएफ ने सकुशल बचाया है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्वीट किया, भारत इस प्राकृतिक आपदा में तुर्किये के साथ खड़ा है।भारत की एनडीआरएफ टीम ग्राउंड जीरो पर बचाव और राहत अभियान चला रही है। टीम ने नूरदगी में



### इंडियन आर्मी कैंप में इलाज भी जारी

मलबे में दबी बच्ची को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। अब इंडियन आर्मी कैंप में ही इसका इलाज भी चल रहा है। इसी के साथ गृह मंत्रालय ने इस बच्ची का वीडियो भी प्रसारित किया है कि कैसे उसे बचाया गया। वीडियो में कंबल में लिपटी मासूम को गोद में लिए एनडीआरएफ कर्मी दिखाई दे रहे हैं।गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया, तुर्किये में राहत और बचाव कार्यों में जुटी एनडीआरएफ टीम पर हमें गर्व है। टीम ने गजियांटेप में छह साल की ल?की बेरेन की जान बचाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हम एनडीआरएफ को दुनिया का अग्रणी आपदा मोचन बल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।बता दें कि एनडीआरएफ की टीम मलबे में से लोगों को निकालकर उन्हें प्राथमिक उपचार दे रही हैं और उसके बाद उन्हें चिकित्सा कर्मियों को सौंप रही है। टीम के पास ऐसे रडार हैं जो व्यक्ति के दिल की धड़कन जैसी हल्की आवाजें तक सुन लेते हैं। एनडीआरएफ मलबे में पड़े कंक्रीट स्लैब और अन्य बुनियादी ढांचे को तोड़ने के लिए चिप और स्टोन कटर का उपयोग कर रही है। हालांकि, दोनों देशों में मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब तक मृतकों की आंकड़ा 21 हजार के पार हो चुका है और यह संख्या अभी भी बढ़ सकती है। हजारों लोग अस्पताल में भर्ती हैं। इस बीच तुर्किये और सीरिया में बचाव और राहत कार्य भी तेज कर दिए गए हैं और लगातार मलबे को हटाया जा रहा है।

## चीन के जासूसी गुब्बारों से भारत को भी खतरा

### क्या यूएस की तरह हवाई हमला करेगी सेना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक जासूसी गुब्बारे को लेकर चीन और अमेरिका के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। अमेरिका का दावा है कि चीन सिर्फ उसकी जासूसी नहीं कर रहा था, चीन ने ऐसे गुब्बारों के जरिए जिन देशों की जासूसी कराई, उनमें भारत भी शामिल है। सवाल यही है कि क्या अब भारतीय वायुसेना भी अमेरिका की तरह हमला कर इनका शिकार करेगी।अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर 2021 से जनवरी 2022 के बीच चीन के जासूसी गुब्बारे ने भारत के सैन्य बेस की जासूसी की थी। इस जासूसी गुब्बारे ने अंडमान निकोबार की राजधानी पोर्ट ब्लेयर के ऊपर से उड़ान भरी थी। इस तरह के एक गुब्बारे की फोटोज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। चिंता की बात ये है कि दिसंबर 2021 के आखिरी हफ्ते में भारतीय सेना की तीनों विंग (आर्मी, एयरफोर्स और नेवी) के जवान अंडमान निकोबार में एक साथ ड्रिल करने के लिए जुटे थे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्राई सर्विस कमांड के दौरान ही चीन के इस जासूसी गुब्बारे को अंडमान निकोबार में देखा गया था।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना

अरुणोदय पंचांग



### जबलपुर के पुलिस वाले की कहानी, पुलिस सेवा के बाद अब मानव सेवा

# नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए बनाया आश्रम, यहां से कोई नहीं जाता भूखा



**जबलपुर, यशभारत।** 41 साल तक पुलिस में निष्ठा से सेवा देने के बाद कोरोना संक्रमण के दौरान मेरे अंदर जो बदलाव आया उसमें यही भाव था कि अब मानव सेवा करना है। कुछ समय सोचने में गुजार दिया, लेकिन परिवार का पूरा साथ मिला और एक आश्रम का निर्माण किया जिसमें नर्मदा परिक्रमावासियों को ठहरने के साथ भोजन की व्यवस्था की गई। माता-पिता भी यही चाहते थे कि कुछ हटकर करूं, बस उन्हीं का आर्शीवाद है जो रोजाना नर्मदा परिक्रमावासियों को भोजन करा रहा हूं। यह कहना है पं. प्रमोद शर्मा का। जो 8 महीने पहले उखरी चौकी से उपनिरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। अब सेवा भावना के उद्देश्य से प्रमोद शर्मा ने भटौली ग्वारीघाट में सीताकुंज आश्रम बनाया है, जहां दिन-रात मां नर्मदा की आराधना के साथ नर्मदापरिक्रमा वासियों का ख्याल रखा जाता है। इस आश्रम में रोजाना 40 से 50 परिक्रमावासी आते है और सभी की उचित व्यवस्था के लिए पं. प्रमोद शर्मा खुद के साथ परिवार के सदस्यों को जोड़े रहते हैं। सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी श्री शर्मा बताते है कि मां नर्मदा की ऐसी कृपा है कि आश्रम से कोई भूखा पेट नहीं जाता है, इस आश्रम में हर तरह के परिक्रमावासी आते हैं लेकिन कोई निराशा होकर नहीं जाता है।

### कोरोना में असली ज्ञान हुआ

सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी पं. प्रमोद शर्मा का कहना है कि कोरोना संक्रमण के दौरान असली जिंदगी का ज्ञान हुआ । मतलब इस संसार से लोग कुछ भी अपने साथ नहीं ले जाते हैं। जो जाता है वह होते है कर्म, मानव का कर्म है कि वह दूसरों की सेवा करें। आश्रम बनाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि नर्मदा परिक्रमावासी अपनी यात्रा पूरी करते वक्त यहां-वहां न भटके उन्हें सिर की छाया और स्वादिष्ट भोजन मिले और वह अपनी नर्मदा यात्रा को अच्छे से पूरी कर सकें।



# नेशनल लोक अदालत कल

**जबलपुर,यशभारत।** शासन के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम द्वारा दिनांक 11 फरवरी 2023 दिन शनिवार को मुख्यालय सहित सभी 16 संभागीय कार्यालयों में आयोजित की जायेगी। इस संबंध में राजस्व विभाग के उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने बताया कि लोक अदालत में 25 से 100 प्रतिशत तक अधिभार में करदाताओं को छूट मिलेगी। वहीं करदाताओं को दो किश्तों में राशि जमा करने की सुविधा भी इस लोक अदालत में मिलेगी। आयोजित नेशनल लोक अदालत में शहर के सम्माननीय करदाताओं को अधिक से अधिक छूट का लाभ मिले इसके लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, राजव प्रभारी जितेन्द्र सिंह ठाकुर एवं निगमायुक्त शेर सिंह मीणा ने संबंधित अधिकारियों को समक्ष में बुलाकर निर्देश दिये हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, प्रभारी जितेन्द्र सिंह ठाकुर एवं निगमायुक्त शेर सिंह मीणा ने सभी करदाताओं से भी अपील की है कि बकाया करों की राशि में छूट का लाभ नेशनल लोक अदालत के माध्यम से दी जा रही है, इसलिए आप सभी करदाताओं से अपील है, कि अधिक से अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत में पहुँचकर छूट का लाभ लें।

**अधिक से अधिक करदाताओं को मिलेगा छूट का लाभ**

# दिन में खिल रही अच्छी धूप रात में सिहरन बरकरार



**जबलपुर, यशभारत।** वर्तमान में उत्तर भारत को प्रभावित करने वाली कोई मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। उत्तर भारत में वातावरण काफी ठंडा है। हवा का रुख भी उत्तरी बना हुआ है। उत्तर भारत की तरफ से लगातार आ रही सर्द हवाओं के कारण मध्य प्रदेश में रात के तापमान में गिरावट हो रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक आसमान साफ रहने के कारण धूप में तल्खी बढ़ गई है, लेकिन रात में सिहरन बरकरार है। मौसम का इस तरह का मिजाज शुक्रवार को भी बना रह सकता है। उसके बाद तापमान बढ़ने लगेगा। सुबह की ठंड अभी बनी हुई है, लेकिन दोपहर की तपन ने लोगों को गर्मी का अहसास करा रही है। तापमान 26 डिग्री तक पहुंच गया है, हालांकि अभी गर्मी आने में समय है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक आने वाले दो से तीन दिनों के भीतर ठंड फिर दस्तक देगी। इधर, मौसम में ठंडक और गर्मी दोनों ने अपनी मौजूदगी बनाकर रखी। है। बुधवार को हल्की गर्म हवा के बीच दिन के वक्त तपन से राहत थी, लेकिन सूरज के ढलते ही ठंड ने अपना अहसास करा दिया। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था, जो सामान्य से एक डिसे अधिक रहा । न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। साथ ही शुक्रवार को समाचार लिखे जाने तक के तापमान 12 डिग्री सेल्सियस पार कर गया था। वर्तमान में किसी मौसम प्रणाली के सक्रिय नहीं रहने के कारण तापमान में गिरावट हो रही है। शुक्रवार से एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत को प्रभावित करने लगेगा। उसके प्रभाव से हवा का रुख बदलने से शुक्रवार रात से तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने लगेगी।

# परोपकारी कार्यों के साथ मनाया स्थापना दिवस, किया रक्तदान




**जबलपुर, यशभारत।** जनकल्याण और निस्वार्थ सेवा के उद्देश्य से 3 वर्ष पूर्व एस व्ही नायडू मेमोरियल फाउंडेशन की स्थापना की गई थी जिसका उद्देश्य साल भर गरीब और जरुरतमंदो के लिए मुफ्त स्वास्थ- शिक्षा - स्वछता के लिए कार्य करना है आज स्थापन दिवस के अवसर पर 50 ग्रामीण विधवा महिलाओं को साड़ी - 160 युवतियों को सैनिटरी पैड प्रदान किया गया इसके साथ रक्तदान शिविर लगा के 20 यूनिट रक्त एल्गिन हॉस्पिटल हॉस्पिटल ब्लडबैंक को जरुरतमंदो के लिए दिया गया संस्था के अध्यक्ष रमेश नायडू ने बताया साई भजनों के साथ आज का कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन चंद्रकुमार भनोट रमेश नायडू विजया नायडू - जयलक्ष्मी - धर्म राव- ललिता नायडू - सुभाष नायडू - राघवेंद्र राव- दिव्यांशु - आयुषी - साई शेखर - साहिल केशरवानी - देव बुधरनी- वीरेंद्र पटेल -वर्षा कुशवाहा अजीत परिहार - प्रवीण पटेल - रानू पटेल - श्रीनिवास राव- अभिजय उपाध्याय - मुकुंद नायडू - पटेल कमलेश पटेल मथुरा प्रसाद पटेल का विशेष सहयोग रहा।

# नैक मूल्यांकन में उच्चतर ग्रेड का प्रयास करना है:कुलपति प्रो. मिश्र

**जबलपुर यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता से लेकर संसाधनों की उपलब्धता में कोई कमी नहीं है। जरूरत है नैक के मानकों के अनुसार सभी कार्यों के प्रजेन्टेशन की। नैक मूल्यांकन के लिए पंजीकरण के बाद समय कम रहेगा। इससे पहले ही सभी जरूरी कार्य पूरे करने होंगे। नैक मूल्यांकन में 'ए प्लस प्लस' ग्रेड हासिल करने के लिए नैक की नई गाईडलाईन के अनुसार कार्य करने की जरूरत है। ये विचार नैक विशेषज्ञ द्वारा गुरुवार को विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी विभाग में नैक तैयारियों के प्रजेन्टेशन के दौरान व्यक्त किये। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में नैक टीम के समक्ष प्रजेन्टेशन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके लिए माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता में नैक मानकों के अनुसार गठित समितियों की ओर से प्रजेन्टेशन की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मिश्र ने कहा कि नैक मूल्यांकन में उच्चतर ग्रेड लाने का प्रयास करना है तथा इसके लिये मानक के अनुसार सभी आवश्यक कदम उठाते हुए अपना प्रस्तुतिकरण करें तथा इसमें किसी तरह की कोताही न बरती जाए। विवि नैक समन्वयक प्रो. राकेश बापजेयी ने कहा कि नैक की प्रक्रिया में सबसे पहले शिक्षण संस्थान नैक की गुणवत्ता पर खरा उतरने के लिए तैयारी के बाद नैक ग्रेडिंग के लिए आवेदन किया गया है। अब नैक टीम के समक्ष बेहतर प्रदर्शन की चुनौती है जिसके लिए प्रस्तुतिकरण में परिलक्षित कमियों को आपस में समन्वय स्थापित कर अपना प्रस्तुतिकरण तैयार जा रहे हैं जिससे नैक मूल्यांकन के समय कोई कठिनाई उत्पन्न न हो। विवि आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. राजेश्वरी राणा ने विश्वविद्यालय का पॉवर प्वाईंट प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया। वहीं एसएसआर प्रथम का पॉवर प्वाईंट प्रजेन्टेशन गठित समिति की ओर से किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा, प्रो. सुरेन्द्र सिंह, प्रो. एसएन बागची, प्रो. धीरेन्द्र पाठक, प्रो. विशाल बन्ने, डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. आरके गुप्ता सहित सभी अतिथि विद्वान मौजूद रहे।

# रजक समाज की सुहागनों का कार्यक्रम



**जबलपुर, यशभारत।** रजक समाज का सुहागनों का कार्यक्रम रजक धर्मशाला ग्वारीघाट में समानता लेडिस क्लब जबलपुर द्वारा सम्पन्न हुआ जिसमें रजक समाज की 201 सुहागनों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया और सभी सुहागनों को सिंगार देकर रजक समाज की सभी महिलाओं ने यह आयोजन की बड़ी सराहना की ओर सभी सुहागनों ने यह प्रण लिया के आगे से रजक समाज में ऐसे ही आयोजन ओर भी भव्य रूप से मनायेगी और रजक समाज के हर कार्यक्रमों में आगे आकर समाज की एकता को बल देंगी उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में काजल रजक गीता रजक नीतू रजक सविता रजक किरण रजक आरती रजक सोना रजक मालती रजक उषा रजक स्वीटी रजक सुहानी रजक माधवी रजक रेखा रजक पूजा रजक महिलाओं का योगदान रहा उक्त कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में नगर अध्यक्ष राजकुमार रजक, विवेक रजक ,राहुल रजक, राजेन्द्र रजक, निःशुतोस, सुशील रजक आदि का योगदान था।

### कर्मचारी जगत

## कार्यदिवस और अवकाश में शासन द्वारा शिक्षकों के साथ नाइंसाफी

**शनिवार अवकाश व अर्जित अवकाश से शिक्षक वंचित**

**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने बताया कि वर्तमान में अन्य केडर के कर्मचारियों को 5 कार्य दिवस एवम वर्ष मे 33 अर्जित अवकाश दिया जा रहा है, पर शिक्षा विभाग के आला अफसरों एवम शासन की बेरुखी के चलते वार्षिक 33 दिवस अर्जित अवकाश एवम अन्य केडर की भाँति शनिवार अवकाश की व्यवस्था नहीं हैद्य यह समानता के अधिकार का पूर्णतः उल्लघन है। मुख्यमंत्री से निवेदन है की अन्य केडर की भाँति शिक्षको को भी शनिवार अवकाश एवम वार्षिक 33 दिवस का अर्जित अवकाश दिया जाए। संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, शहीर मुमताज, दिनेश गौड़, हेमंत ठाकरे, राकेष श्रीवास, स्टेनली नॉबर्ट, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, आदि ने मुख्य मंत्री महोदय से माँग की है की शिक्षकों को भी अन्य कैडर के कर्मचारियों के समान शनिवार अवकाश और अर्जित अवकाश दिया जाए।

### शिक्षा विभाग में जंगल राज

## 15 दिन में भी नहीं मिली आश्रित परिवार को अनुग्रह राशि

**जबलपुर, यशभारत।** म.प्र. तृतीय वर्ग बताया कि म.प्र. शासन द्वारा अपने होने पर उनके आश्रिम परिवार को दिये जाने का प्रावधान है, किन्तु वाहरे शिक्षा विभाग एक प्राचार्य की 15 दिन पूर्व आकस्मिक मृत्यु हो जाने के बाद भी प्राचार्य के आश्रित परिवार को विभाग द्वारा आज दिनांक अनुग्रह राशि का भुगतान नहीं किया गया है, जब एक संकुल प्राचार्य के परिवार के साथ विभाग इस तरह का असंवेदहीन हो जाये तो आम शिक्षकों के साथ क्या होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है? जबलपुर शिक्षा विभाग में शिक्षा विभाग के मुख्या द्वारा तानाशाही हटधर्मिता, भ्रष्टचार के चलते सारी मानवीयता, संवेदनायें, शून्य हो गई हैं। शिक्षा विभाग की इस लचर कार्य प्रणाली के चलते पूरे जिले में हाहाकार मचा हुआ शासकीय कर्मचारी संघ ने जारी विज्ञप्ति में लोक सेवों की शासकीय सेवा के दौरान मृत्यु 24 घण्टों के अन्दर अनुग्रह राशि रू 50,000 है। संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, मंसूर बेग, आलोक अग्निहोत्री, दुर्गेश पाण्डे, बृजेश मिश्रा, वीरेन्द्र चन्देल, एस.पी. वाथरे, चूरामन गुर्जर, वीरेन्द्र तिवारी, धनश्याम पटैल, रमेश उपाध्याय, प्रशांत श्रीवास्तव, शाहिल सिद्दीकी, गोविन्द विलथेर, रजनीश तिवारी, डी. डी. गुप्ता, आदि ने जिले के संवेदनशील कलेक्टर जबलपुर से मांग की गई है कि मृत्य शासकीय लोक सेवक के आश्रित परिवार को शीघ्र अनुग्रह राशि तथा उनके सभी स्वत्वों का भुगतान कराया जावे। तथा विलंब लिए दोषी शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों पर कार्यवाही की जावे ।

# मप्र के सर्वागीण विकास के लिए हमारी केंद्र एवं प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : प्रभात साहू

**जबलपुर की चारों विधानसभा में विकास यात्रा निरंतर जारी**

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश के सर्वागीण विकास के लिये हमारी केंद्र और प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है और विकास यात्रा के माध्यम से हमारे कार्यकर्ता प्रतिदिन केंद्र एवँ प्रदेश सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का कार्य कर रहे है यह बात भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने विकास यात्रा के दौरान कहीं। प्रभात साहू ने कहा गाँव, गरीब, किसान मजदूर किसान, यूवाओ और माताओं बहिनों के साथ ही हर वर्ग के उत्थान की दिशा में देश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व ने प्रदेश की सरकार कार्य कर रही है और पूरी दुनिया के नेतृत्वकर्ता के रूप में भारत देश तेजी से उभरा है साथ ही मध्यप्रदेश को देश के साथ चलते हुए विकसित प्रदेश बनाने की दिशा में हमारी सरकार कार्य करी है। जबलपुर की पश्चिम विधानसभा में ग्वारीघाट वार्ड में विकास यात्रा निकाली गई जिसमें वार्ड के अंतर्गत पोलिपाथर में 40 लाख रुपए के उद्यान का भूमिपूजन एवं 27 लाख रुपए की सड़क निर्माण का भूमिपूजन भीमनगर में किया गया एवम उत्तर विधानसभा के जय प्रकाश नारायण वार्ड में, पूर्व विधानसभा के जवाहर लाल नेहरू वार्ड में विकास यात्रा निकाली गई।



**केंट विधानसभा की विकास यात्रा में तेजी से हो रहे विकास के काम-** अशोक रोहाणी विकास यात्रा के माध्यम से केंट विधानसभा में तेजी से विकास के काम किए जा रहे हैं और जगह जगह चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है यह बात कैंट क्षेत्र के विधायक श्री अशोक रोहाणी ने विकास यात्रा के दौरान कही। अशोक रोहाणी ने बताया आज सुभाष चंद्र बनर्जी वार्ड में विकास यात्रा निकाली गई जहां निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण के काम किया गए हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। हम प्रतिदिन विकास यात्रा के माध्यम से विकास के काम को आगे बढ़ते हुए चल रहे हैं।विकास यात्रा के दौरान डॉ जितेंद्र जामदार, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, पूर्व मंत्री शरद जैन, अभिलाष पांडे, निगम अध्यक्ष रिंकू बिज, नेता प्रतिपक्ष्य कमलेश अग्रवाल, शरद अग्रवाल, महामंत्री पंकज दुबे, रत्नेश सोनकर, रजनीश यादव, पार्षद शारदा कुशवाहा, अतुल जैन दानी, रंजना पार्वती ठाकुर, श्याम कनोजिया आदि उपस्थित थे।



## राजपथ परेड में शामिल होने वाली मोहिनी को सीएम ने किया सम्मानित

**जबलपुर, यशभारत।** दिल्ली में संपन्न हुई 26 जनवरी की परेड में मध्य प्रदेश की ओर से एनसीसी की 3द्दद्धह्म्द्यह्य ने दिल्ली राजपथ हुई परेड में 140 के कंटिजेंट मैं भाग लेकर राष्ट्रपति को सलामी दी । सेंट अलोयसियस कॉलेज की छात्रा व एमपी टू गर्ल्स बटालियन एनसीसी जबलपुर की कैडेट मोहिनी यादव ने मध्य प्रदेश और अपने गांव का ग्राम घाना का नाम गौरवान्वित किया और भोपाल में मध्य प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने मोहिनी यादव को सम्मानित भी किया ।

# भविष्य की चुनौतियों का जवाब है कृषि में महिला उद्यमिता: कुलपति डॉ.मिश्रा

**जनेकृविवि में महिला उद्यमियों के विकास हेतु एक दिवसीय संगोष्ठी सम्पन्न**

**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर स्थित आईएबीएम के कौटिल्य सभागार में वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा लिए हुए भारत में जी-20 के अंतर्गत महिला उद्यमियों के विकास हेतु राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (नाहेप) के अंतर्गत ''महिला सशाक्तिकरण के लिये कृषि उद्यमिता में अवसर'' विषय पर एक दिवसीय नेशनल सेमीनार का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। नेशनल सेमीनार का शुभारंभ सरस्वती वंदना, दीप प्रज्जवलन एवं विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ। इस दौरान कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने मुख्यअतिथि की आसंदी से कहा कि भविष्य की चुनौतियों का जवाब कृषि में महिला उद्यमिता है। छात्राओं एवं नये उद्यमियों को कृषि के क्षेत्र में उद्यमिता के अवसरों को जानने, समझने एवं कार्यरूप में परिणित करने के लिये सफ्ल महिला कृषि उद्यमियों से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। उनके लिये यह सुनहरा अवसर है कि ऐसे सेमीनार के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में उद्यमिता के अवसरों को जानने और समझने और हर पहलू पर सही जानकारी एवं सफ्ल उद्यमी बनने की प्रेरणा मिलेगी। कुलपति डॉ. मिश्रा ने कहा कि ऐसे सेमीनार समय-समय पर आयोजित होते रहना चाहिये, जिससे नये उद्यमियों को प्रेरणा मार्गदर्शन के साथ सही जानकारी और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ भी मिलता रहेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. कौतू, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ.दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. दीप पहलवान, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय अध्यक्ष एवं डॉ. राजेन्द्र कुमार नेमा, प्रमुख अन्वेषक, राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना संयोजक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आर.के. नेमा, प्रमुख अन्वेषक, एन.ए.एच.ई.पी. ने स्वागत भाषण कार्यक्रम का परिपेक्ष्य प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में सफ्ल महिला उद्यमी देहरादून से मशरूम उद्यमी श्रीमति हिरेशा वर्मा, छिंदवाड़ा से आदिवासी महिलाओं में बकरी बैंक पर कार्यरत श्रीमति मंजरी चांदे, जैविक खेती व कृषि पर्यटन के उद्यम में लगी श्रीमति अर्चना सोनी, मसाला फ्सलों की प्रसंस्करण उद्योग में लगी श्रीमति देवांषी शर्मा, जैविक खेती पर श्रीमति पल्लवी पटेल, आर्गेनिक खेती पर श्रीमति संध्या बोरकर एवं क्रियेटिव वर्ल्ड पर श्रीमति रिया सोनवाने ने संबोधित किया व अपने अनुभव का लाभ छात्राओं को प्रदान किया। साथ ही विषेषज्ञ के तौर पर डॉ. एस. बी. नाहटकर, विभागाध्यक्ष कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रक्षेत्र प्रबंधन विभाग, ज.ने.कृ.वि.वि., जबलपुर व डॉ. मोनी थामस, संचालक, कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान ने भी मार्गदर्शन दिया। देहरादून से महिला उद्यमी हिरेशा ने छात्राओं को सफ्ल होने का सूत्र बताया और कहा कि अपने आप को भीड़ से अलग करिये। उन्होने अपने संघर्ष का वर्णन करते हुये कहा कि अब हम लोग आपको हर प्रकार से गाइड करेंगें व नये उद्यमियों को ठोकर नही खाने देगें। इस कार्यक्रम में कृषि वि.वि. की छात्राओं को कृषि क्षेत्र में उद्यमिता के अवसरों को जानने समझने एवं कार्यरूप में परिणित करने के लिये इस क्षेत्र की सफल महिला कृषि उद्यमियों का मार्गदर्शन एवं प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी उद्यमियों द्वारा सीधे किया गया। छात्राओ का महिला उद्यमी सुश्री पल्लवी पटैल, देवांशी शर्मा, संध्या बोरकर, मंजरी चांदे, रिया सोनवाने व अर्चना सोनी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को लेकर छात्राओं में बहुत उत्साह रहा व उन्होने सक्रिय भागीदारी की। इस कार्यक्रम का संचालन डा. शीला पाण्डे व डॉ. एम.के. अवस्थी व डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव आयोजन सचिव ने सफ्ल कार्यक्रम के लिय सभी का आभार माना। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान के डायरेक्टर डॉ. मोनी थामस और उनके स्टाफकी सक्रिय भूमिका रही। इस कार्यक्रम में 120 छात्राओं सहित लगभग 150 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी कर कार्यक्रम को सफ्ल बनाया।



# बहू ने जहर खाकर दी जान, पति सास-ससुर और देवर जेल में

## दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज, आरोपी पति, सास, ससुर, देवर गिरफ्तार

**जबलपुर, यशभारत।** सिहोरा के बटरंगी गांव में रहने वाली विवाहिता ने जहर खाकर जान दे दी। आत्महत्या का कारण ससुराल पक्ष के लोग निकले। दरअसल विवाहिता के माता-पिता से पति और सास, ससुर और देवर बाइक देने की मांग कर रहे थे। कई माह गुजर जाने के बाद भी बेटी का पिता अपने दामाद को बाइक नहीं दे पाया तो उसने बेटी को परेशान करना शुरू कर दिया। शारीरिक, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाना लगा। यहां तक कि घर से बेघर करने की धमकी भी दी जाने लगी। इस सबसे परेशान विवाहिता ने जहरीली वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने जांच की तो पति, सास, ससुर और देवर आरोपी निकले जिनके खिलाफ दहेज, हत्या का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) संभाग सिहोरा भावना मरावी ने बताया कि थाना गढ़ा में 9 जनवरी को मेडिकल कॉलेज जबलपुर से सूचना मिली थी



कि आराधना चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी बटरंगी थाना सिहोरा की 8 जनवरी को अपने घर में अज्ञात जहरीली वस्तु का सेवन करने के कारण शासकीय अस्पताल सिहोरा से 9 जनवरी को मेडिकल कॉलेज में मृत अवस्था में लाया गया था। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर घटना स्थल थाना सिहोरा क्षेत्र का होने से अग्रिम जांच हेतु थाना सिहोरा भेजी गयी है।

### सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पुलिस ने पूरे मामले की जांच में आरोपी पति, सास, ससुर एवं देवर के विरूद्ध थाना सिहोरा में धारा 498 ए, 304 बी, 34 भादवि तथा 3, 4 दहेज एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी पति रामसहाय चैधरी उम्र 28 वर्ष, सास छोटी बाई चौधरी उम्र 60 वर्ष , ससुर हल्लू चैधरी उम्र 65 वर्ष , देवर छोटू चैधरी उम्र 24 वर्ष सभी निवासी ग्राम बटरंगी को गिरफ्तार कर मान्नीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### मई 2019 में हुई शादी, तीन माह से सुकून से रह पाई बेटी

थाना सिहोरा में थाना गढ़ा से मर्ग डायरी प्राप्त होने पर असल मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। दौरान मर्ग जांच मृतिका श्रीमती आराधना चैधरी निवासी बटरंगी के मायके पक्ष के कथन लिये गये, जिनके कथनों से पाया गया कि आराधना की शादी मई 2019 मे रामसहाय चौधरी निवासी बटरंगी के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुयी थी शादी के 2-3 माह बाद से पति रामसहाय, सास छोटी बाई, ससुर हल्लू चैधरी, देवर छोटू चैधरी दहेज में मोटर सायकल की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित करते थे , ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर लगातार दी जा रही प्रताड़ना से तंग आकर 8 जनवरी को आराधना चौधरी ने अपने ससुराल बटरंगी में जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था।

# पति-पत्नी निकले जालसाज 40 लाख रुपए हड़पे

## जमीन का मालिकाना हक देने में आनकानी

### कोतवाली पुलिस ने दोनों के विरूद्ध धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया

**जबलपुर, यशभारत।** कोतवाली थाने में पति-पत्नि के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। पति-पत्नी ने जमीन देने के नाम पर एक व्यक्ति से 40 लाख रूपए हड़प लिए अब जमीन का मालिकाना हक देने की बात आई तो दोनों के द्वारा इंकार किया जा रहा है। थाना प्रभारी कोतवाली अनिल गुप्ता ने बताया कि बेनीप्रसाद सोलंकी उम्र 45 वर्ष निवासी उपरैनगंज राजेन्द प्रसाद वार्ड कोतवाली ने लिखित शिकायत की कि सोमेश कुमार तिवारी जो कि म.न. 6 गली नं. 1 आकाश बिहार कालोनी विजय नगर के पास निवास करता है उससे पूर्व से परिचित है। वर्ष 2018 में सोमेश कुमार तिवारी ने जानकारी दी कि उसकी एक भूमि मौजा पनागर प.ह.नं. 8/19 रा.नि.म. पनागर तहसील व जिला जबलपुर के खसरा नं. 1394/1 एवं 1394/2 का रकवा 0.400 हेक्टेयर है जो उसकी पत्नी निधि तिवारी के नाम से दर्ज है। उक्त भूमि का विक्रय करना चाहता हूँ। तब उसने उक्त भूमि को देख कर सोमेश कुमार तिवारी से विक्रय करने की बात 40 लाख रुपये में तय हुई जिस पर उसके और सोमेश कुमार तिवारी की पत्नी निधि तिवारी के बीच उक्त भूमि को लेकर दिनाँक 21/08/2018 को एक अनुबंध पत्र निष्पादित हुआ, उसने विभिन्न दिनॉकों को नगद, चैक एवं आरटीजीएस के माध्यम से 40 लाख से सोमेश कुमार तिवारी को दिये थे। अनुबंध की शर्तो के अनुसार रूपये दे




दिये जाने पर पर भी सोमेश तिवारी एंव श्रीमति निधि तिवारी द्वारा उक्त भूमि का रजिस्ट्रेशन बैनामा उसके पक्ष में संपादित नही कराया गया और न ही उक्त भूमि का कब्जा प्रदान किया। वर्ष 2018 से लगातार सोमेश कुमार तिवारी से कहा कि अनुबंधित भूमि का कब्जा सौप दे अन्यथा दिया गया रुपया वापस कर दे किन्तु सोमेश कुमार तिवारी न ही रूपये वापस किये जा रहे है और न ही घर में मिलता है और न ही मेरे फोन उठाता है। सोमेश कुमार तिवारी और सोमेश की पत्नी निधि तिवारी द्वारा धोखा देने के उद्देश्य से उसके साथ एक अनुबंध पत्र निष्पादित किया एवं उसके 40 लाख रुपये ले कर हड़प लिये अब न जमीन ही दे रहे है और न उसकी दी हुई रकम उसे वापस क रहे है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी सोमेश तिवारी एवं निधि तिवारी के विरूद्ध धारा 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# अंजना सराफ महिला कांग्रेस की महामंत्री नियुक्त



**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश महिला कॉग्रेस की अध्यक्ष श्रीमति विभा पटेल की सहमति से श्रीमती अंजना सराफ को जबलपुर (शहर) महिला कांग्रेस की महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर महिला कॉग्रेस अध्यक्ष जबलपुर (शहर) श्रीमती कमलेश यादव ,राजेंद्र सराफ ,श्रीमती मीना सुरेंद्र सोनी श्रीमती नीता अनिल सराफ श्रीमती गीता संतोष सोनी श्रीमती प्रिया अरुण सराफ श्रीमती प्रतिष्ठा विनोद सोनी श्रीमती मंजू शरद सोनी ने बधाई दी।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल




जबलपुर यश भारत। पनागर एवं अधारताल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस ने पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट टक्कर मारने वाले वाहन चालकों की तलाश शुरू कर दी है दुर्घटना के संबंध में पनागर पुलिस के अनुसार इमामबेग उम्र 53 वर्ष निवासी पठानी मोहल्ला पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पनागर दवा लेने साईकिल से आया था दवाई लेकर वह कमानिया गेट से पनागर बजार तरफ आ रहा था डाक्टर नायक के सामने मेन रोड पर पहुँचा तभी पीछे से आ रही लोडिंग आटो क्रमांक एमपी 20 एल बी 0536 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये पीछे से उसकी साइकिल में टक्कर मार दिया जिससे वह गिर गया साईकिल भी बेंड हो गयी गिरने से हाथ पैर कंधे में चोटें आयीं हैं आटो चालक टक्कर मारने के बाद जबलपुर तरफ भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 279, 337 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया इसी तरह से अधारताल पुलिस में अंकुल शुक्ला उम्र 21 वर्ष निवासी इमलिया परियट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम एन 5210 से सुवह व्हीकल मोड़ जा रहा था वह बाउली महाराजपुर हनुमान मंदिर के पास पहुॅचे तभी कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 7942 का चालक दाहने तरफ से डिवाईडर से कार घुमाकर आया एवं उसकी मोटर सायकल में साईड से टक्कर मार दिया जिससे वह गिर गये जिससे उसे हाथ पैर सिर एवं शरीर में चोटें आयीं हैं उसकी मोटर सायकल भी छतिग्रस्त हो गयी है। रिपोर्ट पर धारा 279, 337 भादवि तथा 184 मोटर व्हीकल एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स तलवारबाजी : सैबर स्पर्धा में हरियाणा की बालिकाएं विजेता





**जबलपुर यशभारत।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अंतर्गत जबलपुर में आयोजित रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता के आखिरी दिन बालिका वर्ग में साइक्लिंग की 60 किलोमीटर रोड रेस स्पर्धा में केरल की अगक्सा थॉमस ने पहला, महाराष्ट्र की पूजा बबन दानोले ने दूसरा तथा कर्नाटक की भावना पाटिल से तीसरा स्थान हासिल किया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जबलपुर में खेली जा रही तलावारबाजी प्रतियोगिता में गुरुवार को बालिका वर्ग में सैबर तथा बालक वर्ग में फॉयल एवं ईपी की टीम स्पर्धायें सम्पन्न हुई। शाम को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विधायक संजय यादव तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पदक प्रदान किये। तलवारबाजी की बालिका वर्ग में सैबर स्पर्धा में हरियाणा की टीम ने विजेता बनकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं उपविजेता तेलंगाना को रजत तथा तीसरे और चौथे स्थान पर रही महाराष्ट्र एवं मणीपुर की टीम को कांस्य पदक मिला। बालक वर्ग की फॉयल स्पर्धा में मणिपुर की टीम ने तमिलनाडु की टीम को हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। इस स्पर्धा में मणिपुर को स्वर्ण, तमिलनाडु को रजत तथा तीसरे और चौथे स्थान पर रही मध्यप्रदेश एवं हरियाणा की टीम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। बालक वर्ग में ईपी स्पर्धा के फाइनल में पंजाब ने हरियाणा को हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इस स्पर्धा में पंजाब को स्वर्ण एवं उप विजेता हरियाणा की टीम को रजत पदक मिला। तीसरे और चौथे स्थान पर रही तेलंगाना एवं जम्मू काश्मीर की टीम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। तलावारबाजी की प्रतियोगिता के अंतिम दिन आज रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बालक वर्ग में सैबर तथा बालिका वर्ग में फॉयल एवं ईपी की टीम स्पर्धायें चल रही हैं।

# लाखों की चोरी मामले में अदालत ने आरोपित को सुनाई 3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा



**जबलपुर, यशभारत।** एक परिवार शादी में ससुराल शादी में गया हुआ था। परिवार जब घर वापस लौटा तो घर की कुंडिया टूटी हुई। जिसमें लाखों रुपए के जेवर और 20 हजार की नगदी चोर चुरा ले गए थे। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मनमोहन सिंह कौरव के न्यायालय ने घर में घुसकर चोरी करने के आरोपित पुस्सु उर्फ इंद्रकुमार को तीन वर्ष के सश्रम कारावास के साथ ही दो सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया हैं।अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक कल्पना मुवेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि फरियादी सुनील यादव ने बरेला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि वह ग्राम धनपुरी में रहता हैं। 21 जून 2021 की शाम पत्नी शकुंतला यादव बच्चों के साथ अपनी ससुराल ग्राम मलारा शादी में गया था। घर वापस आने पर मैंने गेट की कुंडी टूटी हुई थी। अलमारी में रखे लाखो के जेवर जेवर और 20 हजार की नकदी को कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लेकर अदालत में पेश किया। अदालत ने चोर को चोरी करने पर 3 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।



# गोरखपुर में आज 12 ज्योतिर्लिंगों की स्थापना

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर में आज 12 ज्योतिर्लिंगों की स्थापना की जाएगी इसके साथ ही भैरव बाबा की प्रतिमा भी स्थापित होगी इसके पूर्व गोरखपुर क्षेत्र से एक भव्य और आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई जिनमें ज्योतिर्लिंग दर्शनार्थ रखे ग। ए यह ज्योतिर्लिंग जयपुर से तैयार होकर आए हैं। आज प्रातः से प्राण प्रतिष्ठा के साथ स्थापना की जा रही हे। बबलू यादव विजय साहू एवं आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

# तरूण त्रिवेणी का आयोजन कल

## चार कृतियों का विमोचन कविता पोस्टर प्रदर्शनी कल

**जबलपुर, यशभारत।** कला, साहित्य, संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था के तत्वावधान में प्रो. डॉ. जवाहरलाल च्तरूण स्मृति तरूण त्रिवेणी महोत्सवज्का आयोजन शनिवार 11 फरवरी को सायं 5.00 बजे से कला वीथिका में किया गया है। संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि समारोह में डॉ. संगीता भारद्वाज च्मैत्रीज भोपाल को दो कृतियां च्यादों के पलाशज एवं यात्राओं की तलाश, श्रीमती नवनीता चौरसिया जावरा की कृति च्मन नवनीतज, अस्मिता शैली की कला पर आधारित कृति सृजन के सोपान का विमोचन होगा। साथ ही प्रसिद्ध कला मर्मज्ञ जयंत भारद्वाज भोपाल एवं अन्विता मौलि द्वारा निर्मित कविता पोस्टर प्रदर्शनी भी आयोजित है। समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. चन्द्रा चतुर्वेदी वरिष्ठ साहित्यकार हैं। अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे करेंगे। मंगल आशीष वरिष्ठ कलाकार सुरेश श्रीवास्तव व्यक्त करेंगे। सारस्वत अतिथि आचार्य संजीव सलिल एवं डॉ. तनूजा चौधरी होंगी। पाथेय संस्था ने साहित्यकारों एवं कलाकारों से उपस्थिति का आग्रह किया है।



# सड़क निर्माण का कार्य समय सीमा पर पूर्ण हो...कलेक्टर

**जबलपुर, यशभारत।** कलेक्टर श्री सौरभ कुमार सुमन ने आज स्मार्ट सिटी के विभिन्न कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आईटी पार्क, अंधमूक बायपास, शारदा नगर व गढ़ा स्थित चौहानी के प्लांटेशन आदि स्थानों का निरीक्षण किया। आईटी पार्क सड़क का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण का कार्य समय सीमा पर पूर्ण हो जाये। अंधमूक बायपास के निरीक्षण के दौरान कहा कि कुछ ऐसा डिजाइन प्रस्तावित करें जिससे शहर में प्रवेश करने वाले लोगों को आकर्षक लगे और यह मार्च तक पूर्ण कर लिया जाये। शारदा नगर मदन महल के भ्रमण के दौरान स्मार्ट सिटी द्वारा किये गये कार्यो को देखा व कहा कि बेलेंसिंग रॉक के आसपास पार्क विकसित किया जाये जो सर्वसुविधायुक्त हो साथ ही पार्किंग की व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि पार्क को आकर्षक बनाये, जहां फुड जोन और सेल्फी प्वाइंट भी हो। गढ़ा स्थित चौहानी के प्लांटेशन के निरीक्षण के दौरान कहा कि स्मार्ट सिटी और वन विभाग मिलकर इकोटूरिज्म के लिये अच्छा प्रोजेक्ट बनायें, चूंकि यह शहर के मध्य में है तो एक नेचर पार्क के साथ एडवेंचर स्पॉट के रूप में विकसित हो सकता है, वहां पर लगभग 54 एकड़ में 50 हजार 600 पौधे लगाये गये हैं जिनकी जीवटता 80 प्रतिशत से अधिक होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पौधों की सुरक्षा करने के निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान स्मार्ट सिटी के सीईओ श्रीमती निधि राजपूत, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री शिवेन्द्र सिंह राजपूत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# राइट टाउन स्टेडियम के फुटबाल ग्राउंड एवं सिन्थेटिक ट्रेक का कार्य 31 मार्च तक पूर्ण करें:कलेक्टर

**जबलपुर,यशभारत।** कलेक्टर, जिला जबलपुर सह चेयरमेन जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी कार्यालय में स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में निगमायुक्त शेर सिंह मीणा एवं सी.ई.ओ. जबलपुर स्मार्ट सिटी द्वारा परियोजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं चेयरमैन द्वारा निर्देश प्रदान किये गये - स्मार्ट सिटी सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत ने बताया कि संस्कृति थियेटर के संचालन एवं संधारण हेतु नियुक्त हुई एजेंसी जिसमें स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा शहर में सांस्कृतिक गतिविधियों के लिये सर्व सुविधा युक्त संस्कृति थियेटर भंवरताल गार्डन के समीप तैयार किया गया है। जिसके संचालन एवं संधारण हेतु स्मार्ट सिटी द्वारा विधिवत् चयन प्रक्रिया से एजेंसी नियुक्त की गयी है जिसे एल.ओ.ए. जारी किया गया है। उक्त एजेंसी द्वारा थियेटर का संचालन करने के एवज में स्मार्ट सिटी को आय प्राप्त होगी। उन्होने बताया कि इसके शीघ्र ही तैयार हो चुके राइट टाउन स्टेडियम फेस 1 में अलग-अलग खेल गतिविधियों के अनुसार पैकेजवार एजेंसियां नियुक्त की जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। जिसके शीघ्र ही निविदा जारी किये जाने के निर्देश चेयर सौरभ के. सुमन द्वारा प्रदान किये गये। रानीताल तालाब के चारों तैयार हो रहे रिक्रियेशनल जोन को भी रिवेन्यू मॉडल में एजेंसी चयन हेतु कार्यवाही किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिससे रानीताल के चारों ओर किये गये विकास कार्य का संधारण किया जा सके। सी.ई.ओ. श्रीमती राजपूत ने बताया कि राइट टाउन स्टेडिय में तैयार हो रहे फुटबाल ग्राउंड एवं सिन्थेटिक ट्रेक का कार्य 31 मार्च तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आईटी पार्क सड़क निर्माण की प्रत्येक गतिविधियों को 31 मार्च तक पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया है साथ ही कार्य के लिये आवश्यक शटडाउन हेतु म.प्र.पू.वि.वि.कं. लि. जबलपुर, स्मार्ट सिटी एवं कान्ट्रेक्टर आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य किये जाये।

# कहां कि तू यहां चाट खाने आया है और कर दिया बेसबॉल से हमला



**जबलपुर यश भारत।** बीती रात हनुमानताल थाना क्षेत्र में मो. मुस्तफा उम्र 25 वर्ष निवासी गाजीनगर अमखेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम लगभग 6-30 बजे मोहरिया पानी की टंकी के पास चाट खाने गया था जहॉ अपनी गाड़ी खड़ी करके कुल्ला कर रहा था उसी समय इरशाद, तनवीर आये और पुरानी बुराई को लेकर गाली गलौज करते हुये बोले कि तू यहां चाट खाने कैसे आया है, उसने गालियां देने से मना किया तो दोनों ने हाथ मुक्कों से एवं बेसबाल के डंडे से मारपीट का सीने में चोट पहुँचा दी तथा दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 506, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# युवक पर फावड़ा से हमला कर चोट पहुंचाई



**जबलपुर यशभारत।** मझौली थाना में छोटेलाल पटैल उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम बक्सवाही ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत शाम लगभग 6 बजे उसका लड़का ऋषिराज टेऊक्टर लेकर खेत से घर वक्सवाही आ रहा था कि खेरमाता के पास कंधी ठाकुर ने अपने घर के सामने पानी रोकने के लिये मेढ़ बनायी थी उसका लड़का टेऊक्टर लेकर निकला तो कंधी ने लडके को रोका और गाली गलौज करते हुये बोला कि टेऊक्टर क्यों निकाला, उसके लड़के ने गालियां देने से मना किया तो कंधी ने फावड़ा से हमलाकर सिर में चोट पहुचा दी ब्रजेश पटैल एवं राहुल पटैल ने बीच बचाव किया तो कंधी जान से मारने की धमकी दिया। ऋषिराज को उपचार हेतु मझौली अस्पताल भिजवाया है। रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 341, 324, 506 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की आरडीएसएस पर दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ

## मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य जिसकी डीपीआर को केन्द्र ने दी मंजूरी

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मैदानी अभियंताओं के लिए रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (संशोधित वितरण क्षेत्र योजना-आरडीएसएस) विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय कार्यशाला यहां तरंग प्रेक्षागृह में प्रारंभ हो गई। कार्यशाला का उद्घाटन पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने करते हुए कहा कि देश में यह अपनी तरह की पहली कार्यशाला है, जिसमें मैदानी अभियंताओं के साथ सभी कांट्रेक्टरों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य कार्य करने वाली एजेंसियों की भूमिका व जिम्मेदारियों को समझाना है। कार्यशाला में पूर्व क्षेत्र कंपनी के मैदानी अभियंता अपनी भूमिका को भी समझेंगे। केपेसिटर बैंक स्थापित करने कार्य देश में सबसे पहले पूर्व क्षेत्र कंपनी ने किया-श्री द्विवेदी ने कहा कि देश में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी पहली डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी है जिसने कार्य के दो आदेश जारी कर दिए और प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग एजेंसी को नियुक्त कर दिया है। आरडीएसएस के अंतर्गत देश में केपेसिटर बैंक की स्थापित करने कार्य सबसे पहले पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने किया है। उन्होंने विद्युत अभि?यंताओं की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को केन्द्र शासन द्वारा अनुमोदित की गई है। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय विद्युत सचिव आलोक कुमार ने भी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इसके लिए पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की सराहना कर चुके हैं। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन नीता राठौर, मुख्य महाप्रबंधक आरडीएसएस संजय भगवतकर, महाप्रबंधक आरडीएसएस अजय दुगड़ सहित जबलपुर, सागर, रीवा व शहडोल के मुख्य अभियंता, कार्यशाला के प्रतिभागी डेढ़ सौ विद्युत अभियंता व 82 कांट्रेक्टर उपस्थित थे।

# ई-चालान प्रकरणों का किया जायेगा निराकरण

**जबलपुर, यशभारत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा 11 फरवरी 2023 को नेशनल लोक अदालत स्थान- जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर जबलपुर में आयोजित की जावेगी। जिसमें मोटर व्हीकल एक्ट अंतर्गत ई-चालान के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। अतः ऐसे वाहन चालक जिन्हें यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर ई-चालान का नोटिस या मैसेज प्राप्त हुआ हो, किंतु उनके द्वारा अभी तक ई-चालान की राशि जमा नहीं की है तो वह दिनांक 11 फरवरी 2023 को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर मे पहुँचकर आयोजित नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाते हुये अपने ई-चालान प्रकरण का निराकरण करवा ले, अन्यथा बाद में प्रकरण माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किये जायेंगे।

रोजगार प्रशिक्षण
क्या आप रोजगार चाहते हैं
आईये! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें
कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है
register nline@
https://www.grow.org.in
90099-85689

# कमलनाथ ने कहा, जनता उन्हें बता रही संभावित उम्मीदवारों के नाम

**भोपाल,यशभारत। मध्य प्रदेश में इस साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और कांग्रेस के उम्मीदवारों को लेकर कयासों का दौर शुरू हो चुका है। उम्मीदवारी को लेकर सर्वे कराए जाने की बातें सामने आ रही हैं, लेकिन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि पार्टी किसी सर्वे पर निर्भर नहीं है। उनके पास जनता के बीच से उम्मीदवारों के नाम आ रहे हैं।राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच कशमकश जारी है। इसकी वजह भी है, क्योंकि दोनों ही राजनीतिक दल यह मानकर चल रहे हैं कि यह चुनाव उनके लिए आसान नहीं है।**



यही कारण है कि दोनों राजनीतिक दल उम्मीदवार के चयन से लेकर जमीनी रिपोर्ट जुटाने के मामले में भी पीछे नहीं हैं।कांग्रेस में उम्मीदवारों के चयन को लेकर लंबे अरसे से इस बात की चर्चा है कि कमलनाथ सर्वे करा रहे हैं, मगर इन चर्चाओं को बार-बार कांग्रेस की ओर से खारिज किया जाता है। कमलनाथ ने अनौपचारिक चर्चा के दौरान यह स्वीकार किया है कि उनके पास जनता के बीच से उम्मीदवारों के नाम आ रहे हैं और उसे वे गंभीरता से ले रहे हैं। कमलनाथ ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि वे जब भोपाल में रहते हैं तो अपने आवास पर 200-250 लोगों से नियमित तौर पर मुलाकात करते हैं। इस दौरान उनकी क्षेत्र से लेकर उम्मीदवार के नाम तक पर चर्चा होती है। आने वाले लोग अपनी समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराते हैं।

कमलनाथ को पूरा भरोसा है कि अगला चुनाव कांग्रेस के लिए फायदेमंद रहेगा। वह कहते हैं कि जहां भी वे जा रहे हैं, उन्हें इस बात का एहसास हो रहा है कि राज्य की जनता में भाजपा की सरकार के खिलाफ नाराजगी है। इतना ही नहीं, जब वे लोगों से मिलते हैं तो कई बार मिलने वाले लोग उन्हें कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार का नाम तक बता देते हैं। वह भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जब कई विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचे तो उन्होंने इस बात को महसूस भी किया है कि जनता खुद उम्मीदवार का नाम बता रही है।

### पूर्व सीएम कमलनाथ बागेश्वर धाम में हाजरी लगाएंगे, 13 को धीरेंद्र शास्त्री से करेंगे मुलाकात

पूर्व मुख्यमंत्री और पीसीसी चीफ कमलनाथ छतरपुर जिला स्थित बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दरबार में हाजरी लगाएंगे। कमलनाथ 13 फरवरी को बागेश्वर धाम के गढ़ा गांव पहुंचेंगे। जहां बागेश्वर धाम मंदिर में दर्शन और पंडित धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात करेंगे। चुनावी साल में कमलनाथ की धार्मिक यात्रा को बीजेपी के हिंदुत्व के एजेंडे की काट का हिस्सा बताया जा रहा है। खुद को हनुमान भक्त और हिंदुत्व का पक्षधर बताने वाले कमलनाथ बीजेपी के हिंदुत्व के मुद्दे के काउंटर करने की रणनीति पर चल रहे हैं।इससे पहले बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री को लेकर कांग्रेस दो गुटो में बंटी दिखी थी। नागपुर में धीरेंद्र शास्त्री के सभा के बिना मध्य प्रदेश लौटने के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने बागेश्वर महाराज को फर्जी बताया था। हालांकि इसके बाद पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने धीरेंद्र शास्त्री के पक्ष में बयान दिया था। अब माना जा रहा है कि कमलनाथ के बागेश्वर धाम जाने से उनके विरोध में कांग्रेसी बोलने से बचेंगे।बता दें कमलनाथ ने राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर में दर्शन और पूजन किया था। कमलनाथ ने 15 महीने की सरकार में ऊं सर्किट, एक हजार गौ शाला बनवाने, पुजारियों का मानदेय बढ़ाने वाले कई निर्णय लिये थे। कांग्रेस भी कमलनाथ को हिंदू धर्म के रास्ते पर चलने वाले नेता के रूप में पेश कर रही हैं।

# विकास यात्राओं में जिले कर रहे हैं नवाचार - मुख्यमंत्री श्री चौहान

## बहुउद्देशीय हो गई हैं विकास यात्राएँ

**भोपाल, यशभारत।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में विकास यात्राओं का क्रम जारी है। सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में विकास यात्राएँ चल रही हैं। इसमें लोकार्पण, भूमि-पूजन, जन-कल्याणकारी योजनाओं के पात्र व्यक्तियों से आवेदन लेने और स्वीकृति प्रदान करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास के उद्देश्य को साकार करते हुए प्रदेश में विकास और जन-कल्याण की लहर चल रही है। जिलों में नवाचार हो रहे हैं, ग्राम स्तर की प्रतिभाओं जैसे खिलाड़ियों, मेरिट में आने वाले बच्चों और जन-सेवा का कार्य करने वालों का सम्मान किया जा रहा है। विकास यात्राएँ बहुउद्देशीय हो गई हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पौध-रोपण के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह बात कही।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विकास यात्राओं में विभिन्न जिलों द्वारा नवाचार भी किए जा रहे हैं। गुना जिले में प्रत्येक पंचायत में विकास की दीवार का उद्घाटन किया जा रहा है, इन दीवारों पर विभिन्न मदों में गए कार्यों का विवरण दर्ज किया गया है। मंडला में प्रत्येक ग्राम पंचायत में गत पाँच वर्ष में हुए निर्माण कार्यों का दीवार पर लेखन के साथ सभी गाँवों में विकास उपवन और ग्राम पंचायतों में ई-पुस्तकालय आरंभ किए जा रहे हैं। राजगढ़ जिले में हितग्राहियों को जन अधिकार-पत्र जारी किए जा रहे हैं। सीहोर में सुरक्षित सीहोर अभियान में पात्र व्यक्तियों को बीमा योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में श्योपुर जिले के सभी ग्रामों में चीता स्वागत रैली और वनों की रक्षा के लिए कुल्हाड़ी त्यागो अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि झाबुआ जिले में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें पोषण कार्ड दिए जा रहे हैं। इंदौर जिले में हुए नवाचारों में ग्राम पंचायत में ई-बुक का निर्माण, नगरीय क्षेत्र में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग को प्रोत्साहित करने के लिए इस काम से जु? लोगों का सम्मान, छात्रावासों में छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण और बालिकाओं में एनीमिया की जाँच तथा जल-संरक्षण का संदेश देने के लिए अमृत सरोवरों से कलश यात्राएँ निकाली जा रही हैं। साथ ही जिले में जन-भागीदारी से आँगनवा?ियों को समृद्ध करने तथा सफाई मित्रों के सम्मान के लिए गतिविधियाँ जारी हैं।

### सरकार बढ़ा सकती खर्च ,मध्यप्रदेश में 7 साल पहले विकास कार्यों में निवेश जीएसडीपी का 6.1प्रश था

भोपाल,यशभारत। बजट की तैयारियों में जुटी मप्र सरकार अगले वित्तीय वर्ष में विकास और निर्माण कार्यों पर खर्च बढ़ा सकती है। अभी 2021-22 में जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) की तुलना में कैपिटल एक्सपेंडिचर (निर्माण, विकास के काम और लोन की पेमेंट) 4.9त्न है जो पूर्व के वर्ष 2014-15 में 6.1त्न, 2016-17 में 5.7त्न और 2017-18 में 5.3त्न से कम है। मप्र की जीएसडीपी साढ़े 11 लाख करोड़ रुपए के आसपास है। जीएसडीपी का साइज बढ़ने से विकास कार्यों के लिए पैसा तो आया, लेकिन यदि पूर्व के वर्षों की तरह प्रतिशत ज्यादा रहता तो विकास में निवेश ब? जाता। देश की जीडीपी में मप्र 2026 तक 550 अरब डॉलर (लगभग 41 लाख करो?) का योगदान देना चाहता है। अर्थशास्त्री कहते हैं कि इसके लिए अचल संपत्तियां बनाने पर ध्यान देना होगा, क्योंकि इससे आर्थिक गतिविधियां ब?ती हैं। रोजगार मिलता है। जीएसडीपी के ये आंक? दो दिन पहले अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान ने सरकार, वित्त विभाग और अर्थशास्त्रियों की बैठक में बताए। इसमें देश के आंकड़ों से तुलना करते हुए बताया गया कि देश में कैपिटल एक्सपेंडिचर कोरोना में भी बढ़ा, लेकिन मप्र में यह पिछले दस साल में सबसे कम रहा।



# बैरागढ़ इलाके के ग्राम कुराना से हेलीकॉप्टर से रवाना हुई बरात

**भोपाल , यशभारत।** भोपाल के बैरागढ़ इलाके के ग्राम कुराना के लिए अनोखी बरात देखने को मिली। यहां के मंडलोई परिवार के दो दूल्हों ने दुल्हनिया को लेने हेलीकॉप्टर से उड़ान भरी। ये नजारा देखने पूरा गांव मौके पर जमा हो गया। दूल्हे शुजालपुर पहुंचेंगे और शुक्रवार को अपनी पत्नियों को लेकर इसी हेलीकॉप्टर से लौटेंगे। जानकारी के अनुसार ग्राम कुराना के मंडलोई परिवार के दो युवकों की शादी है। गांव के बड़े किसान गजराज सिंह मंडलोई के 24 वर्षीय पुत्र यशपाल और सुमेर सिंह मंडलोई के 28 वर्षीय बेटे हेम सिंह मंडलोई की शादी शुजालपुर में होनी है। दुमला के सरपंच ज्ञान सिंह मंडलोई की पुत्री पूजा एवं महेश मेवाड़ा की पुत्री अरुणा के साथ विवाह तय हुआ है। इनका बाना ग्राम कुराना के मंडलोई मार्केट से धूमधमाके के साथ निकाला गया। इसके बाद ये दूल्हे हेलीकॉप्टर से शुजालपुर के लिए रवाना हो गए। हेम सिंह मंडलोई ने बताया कि इससे पहले सन 2014 में उनके बड़े भाई शादी के समय भी हेलीकॉप्टर ले गए थे। यशपाल सिंह का कहना है कि उनके पूर्वजों एवं बुजुर्गों का आशीर्वाद है।

**दूल्हों के ठाट देखने उमड़ा ग्रामीणों को हुजूम**

# नेशनल लोक अदालत कल, होंगे बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में समझौते

**भोपाल, यशभारत।** नेशनललोक अदालत 11 फरवरी को लगेगी। लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को आपसी समझौते से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के संबंध में बिजली कार्यालय से संपर्क करें। विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा निर्णय लिया गया है कि धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत लंबित प्रकरण एवं ऐसे प्रकरण, जो न्यायालय में दर्ज नहीं हो सके हैं, के त्वरित निराकरण तथा धारा 126 के अंतर्गत बनाये गये ऐसे प्रकरण, जिनमें उपभोक्ताओं द्वारा अपीलीय कमेटी के समक्ष आपत्ति/अपील प्रस्तुत नहीं की गई है, के प्रिलिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं के प्रकरणों में सिविल दायित्व की 10 हजार रूपये तक की छूट दी जाएगी।

### प्रि-लिटिगेशन स्तर पर



कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि 10 हजार रूपये तक के प्रकरणों पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के बाद प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि के रूपये 10 हजार रूपये तक के प्रकरणों पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

### लोक अदालत में नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी छूट

आवेदक को निर्धारित छूट के बाद शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता/उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा।

नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जु?ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आकलित सिविल दायित्व 10 हजार रूपये तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी।

# तैराकी में अभिनेता आर माधवन के बेटे वेदांत ने तीन पदक जीते, मप्र के सिद्धांत ने जीता रजत

**भोपाल यशभारत।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत तैराकी प्रतियोगिता में तीसरे दिन गुरुवार को मप्र के खाते में एक रजत पदक आया है। यह पदक 50 मीटर बैक स्ट्रोक में सिद्धांत सिंह जादौन ने जीता है। राजधानी के प्रकाश तरण पुष्कर में आयोजित इस इवेंट में स्वर्ण पदक बंगाल के साहिल लश्कर ने प्राप्त किया।

कांस्य पदक महाराष्ट्रके खाते में गया है। उधर, तैराकी स्पर्धाओं में अभिनेता आर माधवन के बेटे वेदांत का शानदार प्रदर्शन जारी है। वेदांत ने गुरुवार को दो स्वर्ण व एक रजत पदक जीता। वह अभी तक पांच पदक जीत चुके हैं। 100 मीटर फ्री स्टाइल में महाराष्ट्र के वेदांत माधवन ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। कर्नाटक के कार्तिकेय नैयर दूसरे स्थान पर रहे। चार गुणा 100 मीटर मिडले में महाराष्ट्र की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। इस टीम में वेदांत माधवन, रिषभ दास, अर्जुनवीर गुप्ता व शुभंकर पाटकी शामिल थे। 400 मीटर फ्री-स्टाइल में गुजरात के देवांश परमार ने स्वर्ण, महाराष्ट्र के वेदांत ने रजत व तमिलनाडु के श्याम सुंदरराजन ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 400 मीटर मिडले में तमिलनाडु की शक्ति बी ने स्वर्ण पदक जीता। पुरुष वर्ग की 100 मीटर बटरफ्लाई में कार्तिकेय नैयर ने स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं के 50 मीटर बैक स्ट्रोक में महाराष्ट्र की भक्ति वाडकर ने स्वर्ण पदक जीता, वहीं मप्र की कोपल अंतिम स्थान पर रहीं।




# पुरानी रंजिश पर महिला और उसके भाइयों पर किया जानलेवा हमला

**भोपाल,ईएमएस।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित बड़ा मोहल्ला बरखेड़ी में बुधवार रात दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आधा दर्जन लोगों ने एक महिला और उसके दो भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में महिला और उसके भाइयों को गंभीर चोट आई है। सभी का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आधा दर्जन लोगों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 60 साल के मोहन लाल बड़ा मोहल्ला बरखेड़ी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके मोहल्ले में रहने वाले प्रदीप यादव से उनकी पुरानी रंजिश है। रंजिश के चलते प्रदीप और उसकी पत्नी लक्ष्मी बाई समेत विपिन, नरवर, हेमंत समेत फहीम और अन्य लोगों से उनका बुधवार रात विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपितों ने उनकी पत्नी अहमा बाई के साथ मारपीट कर दी। अहमा बाई को बचाने के लिए उनके दोनों भाई पहुंचे तो आरोपितों ने उन पर भी हमला किया है। अंधेरा होने के कारण यह पता नहीं चल सका है कि किस हथियार से हमला किया गया है, लेकिन सिर में चोट देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी धारदार हथियार से हमला किया गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी शहनावाज खान ने बताया कि मारपीट दो अलग-अलग पक्षों के द्वारा अलग-अलग समय पर की गई है।



# हत्या कर झाड़ियों में फेंका था हार्वेस्टर चालक का शव

**भोपाल यशभारत।** दो माह पहले ईंटखेड़ी थाना पुलिस ने ग्राम अरबलिया के बगीचे की झाड़ियों से एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद किया था। मामले की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि सिर पर किसी भारी वस्तु से वार करके उसकी हत्या की गई थी। वह हार्वेस्टर चलाने का काम करता था। पुलिस अज्ञात आरोपितों की तलाश कर रही है। ईंटखेड़ी थाना प्रभारी केएन भारद्वाज ने बताया कि 25 नवंबर को दोपहर के समय ग्राम अरबलिया के बगीचे में झाड़ियों में किसी का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। शव पुराना होने से बुरी तरह सड़-गल गया था। कपड़ों की तलाशी के दौरान मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान ग्राम परेवाखेड़ा निवासी 38 वर्षीय इनाम पुत्र मुन्ने खां के रूप में हुई थी। पुलिस पूछताछ में स्वजन ने बताया था कि इनाम हार्वेस्टर चलाता था।

# डी-लिस्टिंग गर्जना रैली में 40 जिलों से आए जनजातीय समाज के लोग

## भेल दशहरा मैदान में होगा महासम्मेलन

**भोपाल यशभारत।** जो लोग जनजाति समाज की संस्कृति और पूजा-पद्धति से अलग हो गए हों, उन्हें नौकरियों व छात्रवृत्तियों में आरक्षण और शासकीय अनुदान का लाभ नहीं देने और ऐसे लोगों की डी-लिस्टिंग की मांग को लेकर जनजातीय समुदाय शुक्रवार को भोपाल के भेल दशहरा मैदान में डी-लिस्टिंग गर्जना रैली कर रहा है। इसका आयोजन जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से किया जा रहा है। मंच के क्षेत्र संयोजक कालू सिंह मुजाल्दा ने बताया कि इसमें मध्य प्रदेश के 40 जिलों से हजारों लोग शामिल हो रहे हैं। रैली को जनजातीय समुदाय की भावनाओं का प्रकटीकरण बताते हुए उन्होंने कहा कि मांगें पूरी होने तक अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप जनजाति की पात्रता के लिए विशिष्ट प्रकार की संस्कृति व पूजा-पद्धति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की गई है। यदि कोई इसे त्यागकर दूसरी पूजा पद्धति और संस्कृति को मानता है तो वह जनजाति के लिए सुनिश्चित लाभ का अधिकारी नहीं रह जाता है। बावजूद इसके नौकरियों, छात्रवृत्तियों एवं शासकीय अनुदान देने के मामले में संविधान की भावनाओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। मंच के प्रांतीय संयोजक कैलाश निनामा ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 342 में मतांतरित लोगों को जनजातीय आरक्षण के लाभ से बाहर करने के लिए देश की संसद अब तक न तो कानून बना पाई है और न ही अब तक इसमें संशोधन के लिए प्रस्ताव पर ही विचार किया है। जबकि, यह मसौदा 1970 के दशक से संसद में ही विचाराधीन है। निनामा ने डी-लिस्टिंग के पीछे वजह स्पष्ट करते हुए बताया कि मतांतरण के बाद जनजाति का सदस्य भारतीय क्रिश्चियन कहलाता है।

# शिवराज बोले- कमलनाथ ने सवा साल कमीशन वाली सरकार चलाई

## नाथ बोले-आपहि बांट, आप तराजू, आपहि बैठा तौलता

**भोपाल , ईएमएस। मध्य प्रदेश में चुनावी साल में सियासी पारा सूरज के पारे की तरह चढ़ता जा रहा है। गुरुवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सवाल पूछते हुए फिर कमलनाथ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने सवाल साल कमीशन वाली सरकार चलाई। इस पर पीसीसी चीफ ने पलटवार करते हुए कहा कि च्आपहि बांट, आप तराजू, आपहि बैठा तौलता ज्मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ पर बड़ा हमला बोला।**

उन्होंने सवाल पूछा कि कांग्रेस की सवा साल की सरकार में कमलनाथ ने किसानों को निश्शुल्क मिट्टी व बीज परीक्षण का वादा क्यों पूरा नहीं किया? मुख्यमंत्री ने कहा कि कमलनाथ ने वल्लभ भवन में बैठकर सवा साल कमीशन की सरकार चलाई, केवल कमीशन वसूलने का पाप अगर किया था तो कमलनाथ जी ने और उनकी सरकार और कांग्रेस ने किया था। झूठे वादे उजागर करना मेरा धर्म है, क्योंकि वो सरकार ही झूठ की बुनियाद पर खड़ी थी और फिर अब आसमान के तारे तोड़ कर ला देंगे पता नहीं कौन-कौन से वादे वचन पत्र में किए जाएंगे। इसलिए जनता को जानने का हक है पहले जो वादे किए थे उनका क्या हुआ। अपने वचन-पत्र में उन्होंने कहा था कि मिट्टी एवं बीज परीक्षण की निश्शुल्क सुविधा देंगे, सिंचाई के साधनों की अनुदान की राशि बढ़ाई जाएगी। सवा साल में न तो मिट्टी और बीज का परीक्षण निःशुल्क हुआ और न सिंचाई के साधनों की अनुदान राशि बढ़ाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि कमलनाथ जी आपने ये झूठ बोला था, घोषणा के बाद भी आपने नहीं किया।

वहीं, पीसीसी चीफ कमलनाथ ने शिवराज सिंह चौहान पर पलटवार किया। नाथ ने कहा कि च्आपहि बांट, आप तराजू, आपहि बैठा तौलता। शिवराज जी, आप खुद ही घोषणा करते हैं, खुद ही अपनी पीठ थपथपा लेते हैं और खुद ही उस घोषणा को कूड़े में फेंक देते हैं। आपकी निकास यात्रा में जनता इन घोषणाओं का हिसाब मांग रही है। कहीं काले झंडे दिखाए जा रहे हैं, कहीं किसान कपड़े उतार कर प्रदर्शन कर रहे हैं, कहीं पंचायत भवनों के ऊपर ताला डाला जा रहा है तो कहीं फर्जी विकास का रथ भ्रष्टाचार वाली सड़कों के अंदर धंस जा रहा है। फिर भी आप जनता के किसी सवाल का जवाब नहीं दे रहे है।

### 100 करोड़ के कृषि स्टार्टअप कोष का क्या हुआ?

कमलनाथ ने शिवराज से सवाल किया, च्आपने घोषणा की थी कि 100 करोड़ रुपये के मध्य प्रदेश कृषि स्टार्टअप कोष की स्थापना की जाएगी एवं कृषि उद्यमियों को इस कोष का इस्तेमाल कर कृषि क्षेत्र में आधुनिक उद्यम लगाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। जनता को बताइये कहां है यह कोष और कहां है वह आमंत्रण? जवाब दो शिवराज जी।

# बोर्ड परीक्षा में 20 दिन शेष, अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना दूसरे स्कूलों में करने से पढ़ाई हो रही प्रभावित

**भोपाल, यशभारत।** इन दिनों प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों की सूची को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। अब अतिशेष शिक्षकों का स्थानांतरण भी किया जा रहा है। ऐसे में शिक्षकों का दूसरे स्कूलों में पदस्थापना की जा रही है। ऐसे में अतिशेष शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में भेजने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसे ही तीन शिक्षकों के बुधवार को राजधानी के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आदेश हुए हैं।स्कूल शिक्षा विभाग ने बीते साल नई स्थानांतरण नीति जारी की थी। अब ट्रांसफर पालिसी ने इस वर्ष से अमल करना शुरू किया जा रहा है। इसमें सबसे पहले जिलेवार अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी की गई है। प्रदेश भर में जिलों में करीब 38 हजार शिक्षक अतिशेष हैं। राजधानी में इनकी संख्या 1078 है। दावे-आपत्ति का निराकरण करने के बाद अतिशेष शिक्षकों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। इसके बाद जिन जिलों में शिक्षकों की कमी है, वहां उनकी पदस्थापना की जाएगी। लेकिन राजधानी में अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी होने के बाद अब धीरे-धीरे शहर के स्कूलों में पदस्थापना होना शुरू हो गई है। ऐसे ही बुधवार को तीन शिक्षकों के आदेश जारी हुए है।



इसमें उमावि भौरी की माध्यमिक शिक्षक भावना शर्मा को उमावि बागसेवनिया, प्राथमिक शाला इनायतपुर की शिक्षक। ज्योति रावत को प्राथमिक शाला जाटखेड़ी, माध्यमिक शाला कुटकीपुरा के शिक्षक कैलाश सिंह जाट को प्राथमिक शाला कालापीपल किया गया है। इसमें भौंरी में पदस्थ भावना शर्मा को छोड़ अन्य दो शिक्षक अतिशेष की सूची में है। राजधानी के पांच सीएम राइज स्कूलों के शिक्षकों को परीक्षा के बीस दिन पहले प्रशिक्षण में लगा दिया गया है। इससे स्कूलों में पढ़ाई नहीं हो पा रही है। राजधानी के सीएम राइज स्कूल महात्मा गांधी भेल, उमावि गोविंदपुरा, उमावि निशातपुरा, उमावि बरखेड़ी, उमावि कमला नेहरू स्कूल के शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में सुबह साढ़े 9 से शाम सात बजे तक उपस्थित रहना है। प्रशिक्षण दस फरवरी तक चलेगा।

# रक्तदान करके दिया जीवनदान

## जिला अध्यक्ष बी डी सोनी, तहसील अध्यक्ष संजय ब्रज पुरिया ने किया रक्तदान




**गोटेगांव, यशभारत।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश द्वारा संस्थापक नारायण प्रसाद गुप्ता जी नाना जी की स्मृति में जनहित के लिए पूरे मध्यप्रदेश की तरह ही जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है, दूसरों को प्रेरणा देना सरल है परिपालन स्वयं से हो इसी के तहत रक्तदान शिविर में श्री बी डी सोनी जिलाध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन चौथी बार रक्तदान किया गया, साथ ही नरसिंहपुर तहसील अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल के सुपुत्र शिवांश अग्रवाल, जन सेवी करेली तहसील के अध्यक्ष संजय ब्रज पुरिया , उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल करेली खुशी साहू एवम् आफरीन आदि के द्वारा रक्त दान किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बी डी सोनी ने रक्तदान करने के उपरांत बताया वैश्य बंधु राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में तन मन धन से सहयोग करते हैं एवं रक्तदान देकर जीवनदान जैसे कार्य में भी पीछे नहीं है हमारे प्रदेश मंत्री मार्गदर्शक सुनील कोठारी जी 50 बार से अधिक, युवा इकाई के जिलाध्यक्ष संदीप नेमा जी 20 बार से अधिक, नितिन नेमा, 11 बार से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं इस अवसर पर प्रांतीय मंत्री सुनील कोठारी, जिला प्रभारी पंकज चौक से, जिला अध्यक्ष बीडी सोनी जिलाध्यक्ष संदीप नेमा, प्रभारी अमित जैन, आशीष नेमा, अजय सोनी, विकास नेमा, नितिन नेमा, पत्रकार वैभव नेमा, कौशल नेमा, आदि के द्वारा रक्त दाताओं का माल्यार्पण कर शाल श्रीफल से सम्मान किया गया एवं सम्मान पत्र भी ब्लड बैंक के द्वारा प्रदान किया गया जनहित के लिए किए इस आयोजन की सर्वत्र सराहना की जा रही है।

# कामायनी एक्सप्रेस के जनरल कोच में गूंजी किलकारी

## नासिक से यात्रा कर सतना जा रही थी महिला

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं सरंक्षा को मजबूती प्रदान करने में हमेशा तत्पर रही है। पमरे के रेल सुरक्षा बल द्वारा सेवा ही संकल्प की अपनी शपथ को आगे बढ़ाते हुए ऑपरेशन सेवा ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते ऑपरेशन जीवन रक्षा ऑपरेशन मातृशक्ति ऑपरेशन अमानत एवं ऑपरेशन उपलब्धक्षजैसे अभियानों का संचालन किया जा रहा है।इसी कड़ी में ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत जबलपुर मण्डल में आरपीएफ पोस्ट कटनी के आउट पोस्ट कटनी मुड़वारा पर उप निरीक्षक अमित बामनिया एवं स्टेशन डियूटी स्टॉफ महिला आरक्षक सविता पटेल के साथ कटनी मुड़वारा स्टेशन में चेकिंग के दौरान गाड़ी संख्या 11071 कामायनी एक्सप्रेस मे यात्रारत एक यात्री विरेंद्र चौधरी जो ट्रेन के ठहराव समय पर प्लेटफार्म पर उतरे जो बहुत घबराए हुए थे। और बताया कि मेरी पत्नी को प्रसव पीड़ा का बहुत असहनीय दर्द हो रहा है। आरपीएफ स्टॉफ द्वारा तत्काल महिला यात्री को अटेंड किया गया प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला यात्री नाम सपना चौधरी, निवासी ग्राम इटमा टमाटर मंडी मैहर जिला सतना मध्य प्रदेश जो अपने पति के साथ जनरल डिब्बे में नासिक से सतना तक यात्रा कर रही थी। गर्भवती महिला को आरपीएफ महिला व अन्य महिला यात्रियों के द्वारा मदद कर कोच में ही डिलीवरी कराई गई। तत्पश्चात पीड़ित महिला यात्री को गाड़ी से उतारकर बाहर लाया गया, और आकस्मिक सेवा एंबुलेंस 108 से महिला आरक्षक सविता पटेल के साथ जिला अस्पताल कटनी के लिए भेजा गया। जहाँ डॉक्टर ने माँ व बच्चा की जाँच करने पर दोनों को स्वस्थ बताया गया। यात्री ने आरपीएफ व रेल प्रशासन को धन्यवाद दिया। पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा रेल सुरक्षा बल की त्वरित कार्यवाही कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।




# मंडल कार्यालय में नव निर्मित सोपान का शुभारम्भ

## सी.बी.टी. सेन्टर में अब आयोजित होगी रेलवे की विभागीय परीक्षाये




**जबलपुर यशभारत।** रेलवे की विभागीय परीक्षको को सम्पादित करने के लिए रेलवे द्वारा कर्मचारियों के नव निर्मित परीक्षा केंद्र सोपान का शुभारम्भ महाप्रबन्धक पश्चिम मध्य रेल सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जबलपुर मे सोपान-सी.बी.टी. सेन्टर का शुभारंभ फीता काटकर किया गया. इस अवसर पर महाप्रबन्धक श्री गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस नवनिर्मित कम्पीयूटर बेस्ड टेस्ट (सोपान) में 03 कक्ष मे 70 कम्पीयूटर की व्यवस्था कि गई है जिसे भविष्य मे 250 तक किये जाने की योजना है वर्तमान मे 70 उम्मीदवारों के लिये कम्पीयूटर बेस्ड टेस्ट के माध्यम से विभागीय परीक्षा आयोजित की जायेगी साथ में एक सर्वर कक्ष की व्यवस्था कि गई है.महाप्रबंधक श्री गुप्ता द्वारा सर्वर कक्ष में परीक्षा की व्यवस्था पर अधिकारियों से चर्चा की गयी. तथा कर्मचारियों के कम्पीयूटर बेस टेस्ट सुविधाओं से जुडी चीजों के बारे मे भी अन्य अधिकारियों से बातचीत हुई. इस अवसर पर श्री गुप्ता एवं अपर महाप्रबन्धक शोभन चौधुरी द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया. शुभारम्भ समारोह में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी शंकर कुमार अलवेला, प्रमुख मुख्य अभियंता ए.के.पाण्डेय, मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील, अपर मंडल रेल प्रबंधक(सा.) दीपक कुमार गुप्ता, अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा.) अमितोज बल्लभ, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता जे.पी.सिंह, सचिव महाप्रबंधक राहुल जयपुरियार, सहायक कार्मिक अधिकारी अरविन्द पांडे, सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे/

## आज से रेलवे एम्पलाइज यूनियन द्वारा पुरानी पेंशन बहाल करने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत

**जबलपुर ।** पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने के लिए देश भर के तमाम केंद्रीय/राज्य कर्मचारियों के लिए एनजेसीए के बैनर तले पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए एक संयुक्त मंच गठित किया गया है. जिसके द्वारा आज 10 से 20 फरवरी तक हर कर्मचारियों के बीच हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत होने जा रही है, इस हस्ताक्षरित याचिकाएं महामहिम राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत की जायेंगी। एनजेसीए के राष्ट्रीय कन्वीनर एआईआरएफ के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे में डबलूसीआरईयू के महामंत्री काम. मुकेश गालव के नेतृत्व में तीनों रेल मंडलों में रेल कर्मचारियों से हस्ताक्षर कराया जायेगा.इस संबंध में महामंत्री काम. मुकेश गालव ने बताया कि एक जनवरी 2004 के बाद भर्ती हुए केंद्रीय कर्मियों के लिए एनपीएस लागू हुई और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा अलग-अलग तिथियों पर इसे लागू कर रिटायर होने वाले कर्मियों के लिए इसे नुकसानदायक बना दिया. यह किसी भी तरह से गारंटीशुदा पुरानी पेंशन योजना से मेल नहीं खाता है. एनपीएस को हटाने और पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने के लिए आंदोलन को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई करने की जरूरत है.यूनियन की तैयारी तेज, एक-एक कर्मचारी से कराया जाएगा हस्ताक्षर ओल्ड पेंशन स्कीम को बहाल करने के लिए गठित मंच के आव्हान पर डबलूसीआरईयू द्वारा ओपीएस बहाली हेतु याचिकाएं प्रेषित करने हेतु विशाल याचिका हस्ताक्षर अभियान 10 फरवरी से 20 मार्च तक पमरे के जबलपुर, भोपाल, कोटा मंडलों व दोनों कारखानों एवं सभी कार्यस्थलों पर आयोजित किया गया है, जिसकी यूनियन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## बंदरों ने खदेड़ा सीढी से गिरने से लगी सिर पर चोट, 3 दिन बाद मौत



**कुंडम, यशभारत।** नगर के नारायण केसरी 65 साल की उम्र अपने छत में बैठकर धूप ताप रहे थे बंदरों की टोली आई और उन्हें छत से खदेड़ दिया जैसे ही वे भागे और सीढी से सीधे गिर पड़े सिर पर चोट लगने से जबलपुर मेडिकल में 3 दिन भर्ती होने के बाद आज उनकी मौत हो गई कुंडम नगर में आज बंदरों को लेकर चर्चा चल रही है जबकि विगत में भी इन बंदरों के उत्पात से 50 से 60 लोगों ने अपने-अपने हाथ पैर इनके खदेड़ने से टूट गए 10 से 20 लोगों को बंदरों ने काट डाला इन सब को देखते हुए ग्राम पंचायत द्वारा बंदर पकड़ने की टीम जबलपुर से बुलाई गई थी 4,से 5 बंदर पकड़े फिर टीम यहां से भाग गई ग्रामीणों ने और युवा साथियों ने वन विभाग एवं ग्राम पंचायत मांग की है बंदरों के उत्पात को गंभीरता से लेते हुए इन्हें पकड़ने का जल्द से जल्द प्रयास किया जावे एवं नारायण केसरी के परिवार को शासन से कुछ मदद दिलाई जावे।

## टाइड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खचक खुचक छोड़ दो चैलेंज लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** दुनिया का नंबर 1 डिटर्जेंट ने, जो अपने अनोखे और मजेदार विज्ञापनों के लिए जाना जाता है, कीकू शारदा के साथ लॉन्च किया भारत का पहला लॉन्ड्री म्यूजिक वीडियो %खचक खुचक छोड़ दो%। भारतीय परिवार हर साल कपड़े धोने में 300 घंटेट्ट तक खर्च करते हैं। टाइड डिटर्जेंट के साथ, उपभोक्ता कपड़े धोने में लगने वाले इस समय का 40त्न तक बचा सकते हैं। ग्रेवी, तेल और कीचड़ जैसे कठोर दागों को टाइड बिना रगड़े आसानी से हटा देता है और इस नए वीडियो में उपभोक्ताओं से %खचक खुचक' को अलविदा कहने के लिए कहा गया है। वीडियो में कीकू शारदा गाने के बोल पर थिरक रहे हैं और इसका हुक स्टेप कपड़ों से तेल, ग्रेवी और गंदगी जैसे सख्त दागों को हटाने के लिए रगड़ने को अलविदा कहकर टाइड के साथ %खचक खुचक% मुक्त नए साल का स्वागत करते है। इस कल्ट-म्यूजिक वीडियो के माध्यम से, टाइड ने इनोवेटिव ट्रेंड्स के साथ कुछ नया करके पूरे भारत के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ना जारी रखा है। इस वीडियो को टाइड के सोशल मीडिया चैनलों जैसे यूट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर लॉन्च किया गया है।




# खेल देखकर रोमांचित हुए अतिथि एवं दर्शक

**गोटेगांव, यशभारत।** गुरूवार को यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, गोटेगांव के प्रांगण में वार्षिक खेल कूद दिवस का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार पासी जे.ऐन.वी.,फुटबॉल विशेषज्ञ एवं नैशनल कोच के कर कमलों से ध्वजारोहण एवं मसाल जलाकर किया। तत्पश्चात् कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि श्री प्रमोद कुमार पासी का तिलक, नारियल, सॉल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से उपस्थित सभी महानुभाओं का स्वागत किया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के संचालक अरविंद पटेल, उपप्राचार्या शिल्पापाठक, खेलकूद प्रभारी तरुवर पटेल एवं समस्त विद्यालयी शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय के संचालक ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का बुके से अभिनन्दन एवं स्वागत किया। कार्यक्रम में गति प्रदान करने के लिए मुख्य अतिथि जी ने मशाल जला कर शुभारंभ किया। रंग विरंगे परिधानों में सजे-धजे बच्चों ने आमंत्रित गणमान्य लोगों का खुशी खुशी स्वागत किया तथा निर्विघ्न कार्यक्रम की आशा से छात्र छात्राओं ने भगवान गणेश की वन्दना प्रस्तुत की। गुंजायमान समारोह को गुञ्जित करते हुए रंग बिरंगे परिधानों एवं वाद्य यन्त्रों से सुसज्जित छात्र छात्राओं द्वारा मार्च -पास्ट की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिया। योगा, फ्लावर ड्रिल, फ्लैग ड्रिल, सेक रेस 100 ,200 एवं 400 मीटर रेस, रिलेरेस, थ्रीलेग रेस, सेक रेस पिरामिड एवं मास ड्रिल की भव्य प्रस्तुतियों से पूरा विद्यालय प्रांगण रोमांचित सा हो गया और करतलध्वनियों से गूँज उठा एवं शानदार प्रस्तुतियों ने अनोखा समां बांध दिया। विजेताओं को शील्ड , मेडल ,प्रमाण पत्र एवं विभिन्न पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। फिर शुरू होता है आध्यात्मिक आकर्षित कृष्णा नृत्य, दुर्गा नृत्य एवं गर्बा नृत्य जिसने सभी लोगों को आनन्द के सिन्धु में डुबों दिया। विद्यालय के संचालक ने विद्यालय की परम्परा की दिव्य आभा को प्रकाशित करते हुए कहा कि विद्यालय में प्रतिवर्ष सांस्कृतिक समारोह एवं खेल समारोह का आयोजन होता है। पूरा विद्यालय परिवार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा निर्देशित कार्यो को साकार करने में सतत प्रयासरत है। मुख्य अतिथि पासी जी ने पूरे कार्यक्रम की भूरि भूरि सराहना की एवं उन्होंने कहा कि खेल, योगासन एवं दौड़ से हमारी शरीर स्वस्थ रहती है तथा मानसिक क्षमता का उत्तरोत्तर विकास होता है। अन्त में उप प्रधानाचार्या ने आगन्तुक सभी अतिथियों का साधुवाद आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।



## श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए

**पनागर, यशभारत।** भगवान श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य डॉ.अर्जुन पाण्डेय वास्तु शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्तों का उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। उमरिया में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग व उनके जन्म लेने के गूढ़ रहस्यों को कथा व्यास ने बेहद संजीदगी के साथ सुनाया। कथा प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। कथा का संगीतमयी वर्णन सुन श्रद्धालुगण झूमने लगे। इस दौरान पंडित सुधीर पाण्डेय पंडित देवेंद्र व्यास श्री काशी तिवारी , राहुल तिवारी , अक्की तिवारी , आदि उपस्तीथ रहे।



# निपुण भारत के मिशन अंकुर का ब्लॉक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**कुंडम, यशभारत।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा एक और 2 के बच्चों के अधिगम प्रति फलों को प्राप्त करने के लिए राज्य में प्राथमिक स्कूलों में मिशन अंकुर अभियान के तहत शिक्षकों को एफ एल एन आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण का मूल उद्देश बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को प्राप्त करना है जिससे कक्षा 1 और दो के बच्चे लक्ष्य को प्राप्त कर सकें उन्हें बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त हो सके पहले शिक्षक सीखेंगे उसके बाद यही शिक्षक स्कूल में जाकर बच्चों को सिखाएंगे इसी उद्देश्य के साथ निपुण भारत के अंतर्गत कक्षा एक और 2 को पढ़ाने वाले शिक्षकों का मिशन अंकुर के तहत पांच दिवसीय विकास खंड स्तरिय प्रशिक्षण कुंडम विकासखंड के अंतर्गत संकुल केंद्र एकीकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय कुंडम के परिसर में प्रशिक्षण प्रभारी श्री एपी उरवेदी बीआरसी श्री एसके जैन ने बताया सबसे पहले प्रशिक्षण प्रशिक्षणार्थियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं परिचय हुआ प्रशिक्षण में विकासखंड कुंडम की शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा एक व2 पढ़ाने वाले अस्सी शिक्षक शामिल होकर प्रशिक्षण ले रहे है।



## राधारानी शुक्ला का निधन



**सिहोरा।** खितौला बाजार सिहोरा निवासी श्रीमती राधारानी शुक्ला का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था।अंतिम संस्कार हिरन नदी घाट मुक्तिधाम में किया गया। वे राम कुमार शुक्ला की पत्नी एंव नवनीत,नीलेश शुक्ला की मां थी।

# चंचलबाई कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में छात्राओं को मिले व्यक्तित्व विकास के टिप्स

**बेलखाडू , यशभारत।** गत दिवस ग्राम कुसली (कटंगी) जिला जबलपुर में शिवशक्ति प्राथमिक-माध्यमिक शाला में चंचलबाई महिला महाविद्यालय, जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर में पी.एम.जी. शिक्षा- कला शोध समिति जबलपुर द्वारा छात्राओं एवं ग्रामवासियों हेतु %व्यक्तित्व विकास% विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश दुबे, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, प्रफुल्ल श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार तथा विजय जायसवाल,कुशल प्रबंधक, संचालक ग्रीनलैंड फनलैंड ने व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला तथा स्वयं में अंतर्निहित क्षमताओं योग्यताओं को निखार कर जीवन को सार्थक समाजोपयोगी बनाने का आग्रह किया। विद्यालय के निर्देशक एवं व्यवस्थापक सुविख्यात शिक्षाविद प्रो. एच.बी. पालन तथा प्राचार्य श्रीमती वन्दना यादव ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन दिया।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की मार्गदर्शिका डॉ. वंदना पाण्डेय दुबे ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती माधुरी दिग्वेकर ने माननीय अतिथियों का स्वागत किया तथा आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य अशोक सेन ने किया। इस अवसर श्रीमती विमला श्रीवास्तव , श्रीमती पाठक,श्री मिश्रा ,श्री कमलेश आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।




# गोदरेज ने महत्वपूर्ण नवाचार के जरिए मध्य प्रदेश में घरेलू कीटनाशक प्रारूपों को सर्वसुलभ बनाया

जबलपुर, यशभारत। मच्छर जनित बीमारियों के खिलाफवैश्विक लड़ाई में भारत ने एक बड़ी छलांग लगाई है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ;जीसीपीएलद्ध द्वारा विकसित दो स्वदेशी नवाचार . दुनिया का सबसे कम लागत वाला लिक्विड मॉस्किटो रिपेलेंट डिवाइस और नो.गैस इंस्टेंट मॉस्किटो.किल स्प्रे कोमध्य प्रदेश में लॉन्च किया गया। ब्रांडेड गुडनाइट मिनीलिक्विड और हिट नो.गैस स्प्रेए ये नवाचार कम आय वाले उपभोक्ताओं के लिए मच्छरों से बचाने वाले सुरक्षित और धूम्ररहित समाधानों को सुलभ बनाते हैं। आज निम्न आय वाले अधिकांश लोग अधिक धुआं देने वाले असुरक्षित और अनियंत्रित अगरबत्तियों का उपयोग करते हैं। डॉक्टर मच्छर भगाने के लिए इन नकली अगरबत्तियों का उपयोग न करने की चेतावनी देते हैं क्योंकि इनसे ब्रोंकाइटिसए अस्थमाए रिएक्टिव एयरवे बीमारी और अन्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। जबकि विनियमित और सुरक्षित धूम्ररहित समाधानों के बारे में व्यापक रूप से लोगों को जानकारी थीए लेकिन अब तकये ऊँची कीमतों पर ही उपलब्ध थे और इन समाधानों की विशेषताएं इन उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं थीं।जीसीपीएल ने इन जरूरतों को गहराई से समझा और महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं विकास के साथ नवाचारों को विकसित किया है। सबसे पहलेए उन्हें यह पता चला कि निम्न आय वाले अधिकांश परिवारों को रात के समय मच्छरों के संक्रमण का अधिक खतरा होता है और इसलिए उन्हें लगातार उच्च प्रभाव वाले रिपेलेंट की आवश्यकता होती है। इसके परिणामस्वरूप गुडनाइट मिनी को सिंगल मोड मशीन के रूप में तैयार किया गयाए जो पूरी रात काफ़्ी असरदार बनी रहती है। केवल 50 रुपये ;रिपेलेंट मशीन. रीफ़्लिद्ध की कीमत और 35 रुपये की रिफ़्लि वालेइस समाधान के उपयोग पर एक रात के लिए सिर्फ2०5 रुपये का खर्च आता है। भारत में 95: विद्युतीकरण होने के साथ ;मार्च 2022 में जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण . 5वीं रिपोर्ट के अनुसारद्धए इस डिवाइस को व्यापक रूप से उपयोग में लाए जाने की उम्मीद है।



## जबलपुर के आकाश बायजू के 5 छात्रों ने जेईई मेन्स 2023 के पहले सत्र में 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त किए

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर के आकाश बायजूस के 5 छात्रों ने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) मेन 2023 के पहले सत्र में 99 पर्सेंटाइल और इससे अधिक प्रभावशाली अंक हासिल किए। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज नतीजे घोषित किए। इस साल होने वाली इंजीनियरिंग की दो संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से यह पहली परीक्षा थी। प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में युवराज सिंह लोधी ने 99.70, आर्यन अग्रवाल ने 99.57, दिव्यजोत भल्ला ने 99.19, अंश अग्रवाल ने 99.43 और आदित्य तिवारी ने 99.13 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं।दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली IIT JEE को क्रैक करने के लिए छात्र आकाश बायजू के क्लासरूम प्रोग्राम में शामिल हुए। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की एलीट लिस्ट में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने के अपने प्रयासों और अपने सीखने के कार्यक्रम के सख्त पालन को दिया। फ्हम आभारी हैं कि आकाश बायजू ने दोनों में मेरी मदद की। लेकिन संस्थान से सामग्री और कोचिंग के लिए, हम कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाते।छात्रों को बधाई देते हुए, आकाश BYJUÓS के क्षेत्रीय निदेशक डॉ एचआर राव ने कहा, फ्हम छात्रों को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। देशभर से जेईई मेन 2023 के पहले सत्र के लिए 8.6 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया।



# पाटन विधानसभा में जारी है विकास यात्रा



**बेलखाडू, यशभारत।** विकास यात्रा के पांचवे दिन पाटन विधानसभा में विधायक अजय विश्नोई ने ग्राम पंचायत गनयारी, मुरई ,भिलोदा, गंजखमरिया,काकरखेडा ग्राम में विकास यात्रा निकाली गई जिसमें शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई एवं हितलाभ वितरण किए और ग्रामों में कई कार्यो का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर विकास यात्रा में जिला पंचायत सदस्य सतेंद्र सिंह राजपूत , पूर्व जिला अध्यक्ष शिव पटेल ,कटंगी मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर , नुनशर मंडल अजय पटेल महामंत्री नरेंद्र ठाकुर,कटंगी नगर परिषद अभिताप साहू मंडल प्रभारी मनोहर दुबे , पाटन सरपंच संगठन अध्यक्ष शिव पटेल ब्रजेश दाहिया , मूरत यादव महेंद्र जैन, हाकम सिंह, दिनेश राजपूत, मुकेश दुबे दिनेश सिंह,भगवत पटेल , कृष्ण कुमार चौहान जी, गजेंद्र विश्वकर्मा महेंद्र जैन, राजेश राजपूत, नीलेश राजपूत, शंकर यादव, सुजान सिंह, विवेक गर्ग, दीपेंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## सुदामा चरित्र का स्मरण हमें वैभव से परिपूर्ण करता है

**पनागर, यशभारत।** पनागर के लखना हिनौता में श्रीमद्भागवत कथा का विराम जबलपुर।सुदामा के चरित्र स्मरण से व्यक्ति के जीवन को वैभव से परिपूर्ण कर देता।सुदामा सांसारिक दृष्टि से भले ही गरीब नजर आते हैं।लेकिन वे आध्यात्मिक रूप से समृद्ध थे।उनके मन में सदा कृष्ण बसते थे हर पल अपने मित्र को इष्ट मानते थे।इसलिए भगवान ने उनके लौकिक जीवन को समृद्ध किया।यही सुदामा चरित का आध्यात्मिक पक्ष है।हम यदि अपनी दीनता को भूल कर भगवान का स्मरण करें तो जीवन में कोई कमी नहीं हो सकती है।उक्त उद्गार आचार्य पंडित ब्रजेश जी ने पनागर के ग्राम लखना हिनौता में सुदामा चरित्र के वर्णन पर व्यक्त किए। इसके पूर्व महाराज श्री ने द्वारकाधीश भगवान के सोलह हजार एक सौ आठ विवाहों का वर्णन करते हुए बताया किजिन महिलाओं को समाज और परिवार द्वारा लोकलाज के कारण परित्याग कर दिया था उन्हें श्री कृष्ण ने अपना लिया।इसीलिए भगवान को दीन दयाल पतित पावन कहा जाता है। कथा विराम के दिन हवन पूजन के साथ भगवान की विदाई और भोग भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें सभी ग्राम वासी शामिल हुए।आयोजन को सफल बनाने में पंडित कान्हा उपाध्या य, अभिषेक तिवारी ,संदीप पाठक के साथ यजमान परिवार की ओर से श्याम खंगार ठाकुर सरपंच महेंद्र सिंह प्रदीप ठाकुर संजू ठाकुर अजय ठाकुर राजेंद्र बर्मन रंजीत विश्वकर्मा नरेश पटेल आदि का सहयोग रहा।

# हरियाणा की संजना ने वेटलिफ्टिंग गोल्ड के रास्ते में एक दिन में सात रिकॉर्ड तोड़े

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स मेजबान मध्य प्रदेश हॉकी के दोनों फाइनल में








भोपाल, जबलपुर, यशभारत। भारोत्तोलन में चार और राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड गिर गए, जिनमें से तीन अकेले हरियाणा भारोत्तोलक संजना द्वारा बनाए गए, क्योंकि महाराष्ट्र 43 स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर बना रहा, 11वें दिन के अंत में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 मध्य प्रदेश ( KIYGw®wwMP ) । हरियाणा ( 38 स्वर्ण ) और मध्य प्रदेश ( 28 स्वर्ण ) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं ।उसी दिन, मेजबान मध्य प्रदेश (एमपी) ने शुक्रवार, 10 फरवरी, 2023 को होने वाले दोनों हॉकी फाइनल में जगह बना ली।

### कबड्डी में हरियाणा अव्वल

हरियाणा ने इंदौर में अभय प्रशाल में दोनों कबड्डी स्वर्ण जीते। फाइनल में लड़कों ने दिल्ली को 42-25 से जबकि लड़कियों के फाइनल में हरियाणा की लड़कियों ने कड़े मुकाबले में महाराष्ट्र को 30-29 से मात दी। गुरूवार को वास्तव में हरियाणा का दिन था क्योंकि उन्होंने उस दिन आठ स्वर्ण जीते थे। कबड्डी में दो स्वर्ण के अलावा, उन्होंने कुश्ती में दो और और रोइंग में तीन स्वर्ण जीते। उन्होंने महिलाओं की सेबर टीम प्रतियोगिता जीतकर तलवारबाजी में भी स्वर्ण जीता।

### दोनों हॉकी फाइनल में एम.पी

ग्वालियर में मध्य प्रदेश महिला हॉकी अकादमी टर्फ में, मेजबान टीम ने लड़कों और लड़कियों दोनों के फाइनल में जगह बनाई। लड़कियों ने अपने टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर भूमिक्षा द्वारा तीसरे क्वार्टर में ब्रेस के साथ पहले हरियाणा को 2-0 से हराया। उसने अपना पहला पेनल्टी कार्नर के माध्यम से और दूसरा, बॉक्स के ऊपर से एक शानदार व्यक्तिगत फील्ड गोल करके अपनी टीम के लिए जीत हासिल की। वे झारखंड का सामना करते हैं, जो दूसरे सेमीफाइनल में ओडिशा पर 3-1 से विजेता थे। इसके बाद एमपी बॉयज की बारी थी और खचाखच भरे स्टेडियम के सामने उन्होंने निराश नहीं किया। शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने हॉकी की ताकतवर पंजाब को 5-1 से करारी शिकस्त दी। ओडिशा के लड़कों ने अपनी लड़कियों की ओर से बदला लेने के बाद झारखंड को 1-0 से हराकर खिताब का फैसला किया।

### वेटलिफ्टिंग में रिकॉर्ड टूटते रहते हैं

इंदौर में बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में बनाया गया भारोत्तोलन अखाड़ा, नए राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड के लिए एक सुखद शिकार का मैदान रहा है और गुरुवार को उनमें से चार गिर गए। लड़कियों के 71 किग्रा वर्ग में पुडुचेरी को अपना पहला स्वर्ण दिलाने वाली आर. हरिनी ने कुल 170 किग्रा ( स्नैच में 76 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 94 किग्रा ) का भार उठाकर एक नया राष्ट्,ीय युवा चिह्न स्थापित किया। हालांकि, दिन की स्टार बेशक हरियाणा की संजना रहीं, जिन्होंने लड़कियों के 76 किग्रा में कुल 195 किग्रा का शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। चीजों को परिप्रेक्ष्य में रखने के लिए, मणिपुर के चाओबा चानू की चांदी 176 किग्रा थी। संजना ने स्नैच, क्लीन एंड जर्क के साथ-साथ टोटल लिफ्ट में यूथ नेशनल रिकॉर्ड बनाए और गोल्ड के रास्ते में कुल सात रिकॉर्ड तोड़े। उस दिन के अन्य भारोत्तोलन विजेताओं में महाराष्ट्र के सानिध्य मोरे ( लड़के 89 किग्रा ) और पंजाब के दिलबाग सिंह ( लड़के 96 किग्रा ) थे।

## केरल आपका दिन शुभ हो

खेलों में केरल का भी दिन अच्छा रहा, पांच स्वर्ण जीते। उन्होंने रोइंग में लड़कों और लड़कियों दोनों में कॉक्सलेस फोर जीते, साइकिलिंग में एक और अपने पारंपरिक मार्शल फॉर्म कलारिपयट्टू में दो जीते।अमृता एम.वी और नंदना के.आर ने गर्ल्स लॉन्ग स्टाफ फाइट प्रतियोगिता जीती, जबकि सिद्धार्थ और अधिथियन ने लड़कों की प्रतियोगिता जीती। मध्य प्रदेश ने कलरीपयट्टू में भी स्वर्ण जीता जब गौरव दांगी ने लड़कों की हाई किक प्रतियोगिता जीती। उस प्रयास ने उन्हें 11 स्वर्ण के साथ पदक तालिका में ओडिशा से ऊपर और चौथे स्थान पर रहे राजस्थान ( 14 स्वर्ण ) से नीचे पांचवें स्थान पर खींच लिया।

## अन्य परिणाम

भोपाल के अपर लेक क्षेत्र में भी पदक तेजी से आए। उत्तराखंड के गौरव कुमार ने बॉयज सिंगल स्कल में जीत के साथ लेक में दिन का पहला खिताब जीता। बॉयज कॉक्सलेस पेयर में ओडिशा के सुमित कुमार स्वैन और रवि बेदवाल ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि गर्ल्स डबल स्कल में हरियाणा ने जीत हासिल की। गर्ल्स सिंगल स्कल में मोनियाक भदौरिया ने वाटर स्पोर्ट्स में मेजबानों के लिए एक और गोल्ड जीता। इसके बाद रोहित बेदवाल ने हरियाण की मदद की




# पीएम नरेंद्र मोदी ने भी माना पठान का लोहा?

### तारीफ करते हुए बोले- दशकों बाद श्रीनगर में शोज हाउसफुल

नई दिल्ली,ईएमएस। शाहरुख खान की फिल्म पठान बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है और सब इसका लोहा मान चुके हैं। तेरह दिनों में यह फिल्म दुनियाभर में 865 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गई है। तेरह दिन बाद भी इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर रफ्तार थमी नहीं है। हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिसे लोग पठान से जोड़कर देख रहे हैं। पीएम मोदी ने संसद में अपने भाषण के दौरान श्रीनगर में हाउसफुल चल रहे थिएटर्स की बात कही।मालूम हो कि Pathaan के कारण श्रीनगर में 32 सालों बाद थिएटर्स में रौनक लौटी। वहां हाउसफुल के बोर्ड टंग गए। ऐसा नजरा दशकों से देखने को नहीं मिला था। देश-दुनिया के साथ-साथ घाटी में भी सिद्धार्थ आनंद की पठान को खूब प्यार मिल रहा है। पठान भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इसी की चर्चा के बीच Narendra Modi का एक वीडियो क्लिप ट्विटर पर वायरल हो रहा है।वीडियो में मोदी कह रहे हैं, श्रीनगर में दशकों बाद थिएटर्स हाउसफुल चल रहे हैं। इस वीडियो को देख फैन्स झूम उठे हैं। एक फैन ने वीडियो पर कमेंट किया, अब तो दुनिया मानती है। सच में यह पल भारत के लिए बहुत ही गर्व का है। शाहरुख खान और पठान को हर किसी से इतना प्यार मिल रहा है। हमारे पीएम मोदी जी भी यह बात जानते हैं। एक और फैन ने लिखा है, मोदी जी को भी पता है कि पठान क्या तहलका मचा रहा है।

### नेताओं के फिल्मों पर बयान देने से बचना चाहिए

वहीं कुछ दिन पहले ही पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि नेताओं को फिल्मों पर बेवजह बयान देने से बचना चाहिए। लेकिन अपने इस बयान में मोदी ने किसी नेता या फिल्म का नाम नहीं लिया था। चूंकि विवाद पठान पर चल रहा था और बीजेपी के कुछ नेताओं ने इसके गाने बेशरम रंग का विरोध जताया था, इसलिए मोदी के बयान को इस फिल्म से जोड़कर देखा गया।

### पठान का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

बात करें पठान के अब तक के कलेक्शन की, तो इसने 15 दिनों में देश में हिंदी में 433 करोड़ रुपये कमा लिए हैं, वहीं वर्ल्डवाइड 880 करोड़ कमा लिए हैं। पठान अब हिंदी भाषा में 500 करोड़ क्लब की ओर बढ़ रही है। जिस रफ्तार से पठान बॉक्स ऑफिस पर भाग रही है, उस रफ्तार से यह 12 फरवरी तक 1 हजार करोड़ का कलेक्शन कर लेगी।

# 7-11 जून के बीच ओवल में खेला जाएगा WTC फाइनल

## ICC ने किया तारीखों का ऐलान, भारत-ऑस्ट्रेलिया प्रबल दावेदार



दुबई एजेंसी। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 के फाइनल की तारीखों का ऐलान हो गया है। इस महामुकाबले का आयोजन 7 से 11 जून के बीच इंग्लैंड के ओवल मैदान पर होगा। ढ्ढष्टष्ट ने बुधवार को तारीखों का ऐलान करते हुए बताया कि मैच के लिए एक दिन रिजर्व भी रखा गया है। 12 जून रिजर्व-डे रहेगा। यह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का दूसरा सीजन है। पहले सीजन में केन विलियमसन की कप्तानी में न्यूजीलैंड की टीम चैंपियन बनी थी। कीवी टीम ने साउथैम्प्टन में खेले गए फाइनल में भारत को 8 विकेट से हराया था।

### ऑस्ट्रेलिया-भारत रेस में सबसे आगे

दूसरे सीजन के फाइनल की रेस में ऑस्ट्रेलिया और भारत सबसे आगे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस सीजन का फाइनल इन दो टीमों के बीच खेला जाएगा। WTC 2021-23 की पॉइंट टेबल में ऑस्ट्रेलियाई टीम 75.56 त्न पॉइंट के साथ नंबर-1 पर है। जबकि भारत 58.93 त्न पॉइंट के साथ दूसरे नंबर पर है।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से मिलेंगे फाइनलिस्ट

मौजूदा सीजन के फाइनलिस्ट की बात करें तो 9 फरवरी से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे से ङ्खञ्जष्ट के फाइनलिस्ट मिल जाएंगे। मौजूदा स्थिति के अनुसार ऑस्ट्रेलिया की टीम फाइनल में लगभग प्रवेश कर चुकी है जबकि भारत फाइनल से 2 जीत दूर है। 2 जीत और 2 ड्रॉ की स्थिति में वह भी फाइनल में पहुंच जाएगा।

### न्यूजीलैंड ने जीता पहला खिताब, भारत को 8 विकेट से हराया था

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का पहला सीजन न्यूजीलैंड ने जीता था। कीवी टीम ने फाइनल मुकाबले में भारत को 8 विकेट से हराया था। उस मुकाबले का रिजल्ट रिजर्व-डे पर निकला था। भारत ने पहली पारी में 217 रन बनाए थे। जवाब में न्यूजीलैंड ने 249 रन बनाते हुए पहली पारी में 32 रन की ब?त बना ली। फिर भारत ने 170 रन बनाकर 139 रन का टारगेट रखा। चौथी पारी में न्यूजीलैंड ने दो विकेट पर 140 रन बनाते हुए पहला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

# चेहरे पर मुस्कान लिए बात करते दिखे कार्तिक और सारा, फैंस बोले- मैजिकल हैं सार्तिक !



मुंबई, ईएमएस। कार्तिक आर्यन और सारा अली खान जब लव आजकल 2 की शूटिंग कर रहे थे, तब इनके अफेयर की खबरें सामने आई थीं। ये मूवी रिलीज हुई और फ्लॉप हो गई। इसके बाद दोनों का रिश्ता भी टूट गया। दोनों ने पब्लिकली कभी अपने रिलेशनशिप को लेकर ज्यादा बात नहीं की, लेकिन दूरी जरूर बना ली। बहुत कम ही मौके आए हैं, जहां ब्रेकअप के बाद इन्हें साथ देखा गया हो। लेकिन जब बुधवार को प्रपोज डे पर उन्हें एक-दूजे संग कंफर्टेबल होकर बात करते हुए देखा गया तो फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दोनों के चेहरे पर स्माइल देख फैंस कह रहे हैं कि दोनों अभी भी इंटरेस्टेड हैं! Kartik Aaryan and Sara Ali Khan की नई फोटोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि दोनों इस समय उदयपुर में हैं, क्योंकि दोनों ने वहां से इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की थी। जैसे ही प्रपोज डे पर इनकी फोटोज सामने आई, सोशल मीडिया पर हल्ला मच गया। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि दोनों एक-दूसरे से बात करते हुए बहुत खुश हैं। फैंस भी इन्हें साथ देखकर खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। एक फैन ने कॉमेंट किया, सार्तिक मैजिकल हैं। दूसरे ने लिखा, ऐसा लग रहा, जैसे कुछ नहीं बदला। पुरानी वाइब आ रही। दोनों का आई कॉन्टैक्ट। हालांकि, कार्तिक के कुछ फैंस ने उन्हें सारा से दूर रहने की भी हिदायत दी है। उनका कहना है कि कार्तिक की पॉप्युलैरिटी देख सारा वापस आ रही हैं।

### करण जौहर ने किया था कंफर्म

पिछले साल करण जौहर ने कॉफी विद करण 7 में कंफर्म किया था कि कार्तिक और सारा ने एक-दूसरे को डेट किया था। बाद में जब कार्तिक से रिलेशनशिप के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वो सिंगल हैं और अपने काम के साथ रिलेशनशिप में हैं।

### शहजादा में नजर आएंगे कार्तिक

वर्कफ्रंट की बात करें तो कार्तिक आर्यन को फ्रेडी मूवी के बाद शहजादा में देखा जाएगा। इसमें कृति सेनन भी लीड रोल में हैं। इसके अलावा कार्तिक के पास सत्यप्रेम की कथा भी है। वहीं, सारा की बात करें तो वो विक्की कौशल संग एक फिल्म में नजर आएंगी। उनके पास विक्रांत मेसी के साथ भी एक फिल्म है, जिसका नाम गैसलाइट है।

# क्या सच में प्रभास और कृति सेनन करने जा रहे हैं सगाई?



मुंबई, ईएमएस। हाल ही में ऐसी खबरें सुर्खियों में रही थी कि प्रभास और कृति सेनन की सगाई होनेवाली थी। कृति प्रभास के साथ पहली बार फिल्म आदिपुरुष में नजर आनेवाली हैं। पिछले दिनों तेज हवा उड़ी थी कि प्रभास और कियारा एक-दूसरे को लंबे समय से डेट कर रहे हैं। इसी के साथ चर्चा तेज हो गई थी कि अब दोनों अपने इस रिलेशनशिप को अगले लेवल पर ले जाने की तैयारी में हैं। इतना ही नहीं फिल्म क्रिटिक्स ने भी ट्वीट कर दिया था, जिससे दोनों की सगाई की अफवाह को और हवा मिल गई। उन्होंने दावा किया था कि दोनों मालदीव में सगाई करने जा रहे हैं। अब प्रभास और कृति के रिलेशनशिप को लेकर उठी इन्हीं अफवाहों पर प्रभास की टीम ने चुप्पी तोड़ी है। इन अफवाहों को गलत बताते हुए Prabhas की टीम ने कहा है कि दोनों केवल अछे दोस्त हैं और दोनों की सगाई की खबरें झूठी हैं। प्रभास के एक क्लोज़ फ्रेंड ने अपने बयान में कहा है, प्रभास और Kriti Sanon बस फ्रेंड हैं। दोनों की सगाई की जो खबरें आ रही हैं वो गलत हैं।

### कीर्ति सेनन और प्रभास की फिल्में

प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो Prabhas जल्द ही ओम राउत की अपकमिंग फिल्म आदिपुरुष में नजर आएंगे। इस फिल्म में प्रभास और कृति सेनन के अलावा सैफ अली खान भी नजर आएंगे। Kriti Sanon के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह कार्तिक आर्यन के साथ शहजादा में नजर आएंगी। इसके अलावा कृति के पास गणपत भी है जिसमें वह टाइगर श्रॉफ के साथ दिखेंगी।

### लोगों को नहीं पसंद आया प्रभास की आदिपुरुष का टीजर

याद दिला दें कि पिछले साल अक्टूबर में आदिपुरुष का टीजर रिलीज हुआ था, जिसकी लोगों ने जमकर आलोचना की थी। लोगों को इस टीजर में रामायण के पौराणिक किरदारों के साथ छेड़छाड़ पसंद नहीं आया और सोशल मीडिया पर खूब आलोचना हुई। इसके बाद खबर आई कि मेकर्स इस फिल्म के किरदारों पर फिर से काम कर रहे हैं। इस टीजर में राम के अवतार में प्रभास की मूंछें, रावण के किरदार में नजर आ रहे सैफ अली खान के स्पाइक्स वाले बाल...इस तरह की कई चीजें पसंद नहीं आई।



# कियारा ने पति सिद्धार्थ के साथ ढोल पर किया डांस, बहूरानी के ठुमके देखते रह गए ससुरालवाले

मुंबई, ईएमएस। बॉलीवुड के प्यारा कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी शादी के बंधन में बंध चुका है। राजस्थान के जैसलमेर में धूमधाम से मल्होत्रा और आडवाणी परिवार ने इस शादी को आयोजित किया। अब बहू रानी कियारा आडवाणी दिल्ली ससुराल आई हैं। दिल्ली में मल्होत्रा परिवार ने नई नवेली दुल्हन का धूमधाम से वेलकम किया। अब दोनों का धमाकेदार डांस वीडियो सामने आया है जहां दूल्हेराजा सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी जमकर डांस करते नजर आ रहे हैं। दोनों का ये डांस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आइए आपको भी दिखाते हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा के दिल्ली वाले घर से ये वीडियो सामने आया है। यहां लाल रंग के सूट में सजी कियारा आडवाणी और वाइफ से मैचिंग आउटफिट पहने सिद्धार्थ मल्होत्रा ने पंजाबी ढोल पर जमकर डांस किया। इस वीडियो को देख कपल को फैंस खूब प्यार दे रहे हैं। सभी इस वीडियो को बस एक टक देखते जा रहे हैं। ये पहला वीडियो है जहां सिद्धार्थ और कियारा का इस तरह डांस देखने को मिला है।बताया जा रहा है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा शादी के रिसेप्शन के लिए दिल्ली पहुंचे हैं। यहां वह लाल रंग के जोड़े में नजर आई। सिद्धार्थ के घर ससुराल वालों ने बहू का गृह प्रवेश करवाया। इस दौरान सिद्धार्थ और कियारा ने ढोल पर डांस किया। बता दें सिद्धार्थ मल्होत्रा के पेरेंट्स दिल्ली में डिफेंस कॉलोनी में रहते हैं।

# महिला टी-20 वर्ल्ड कप का आगाज आज से

## भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ



केप टाउन, एजेंसी। महिला टी-20 वर्ल्ड कप के 8वें एडिशन की शुरुआत आज से साउथ अफ्रीका में होने जा रही है। मेजबान साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच रात 10.30 बजे से पहला मुकाबला खेला जाएगा। इंडियन विमेंस टीम अपना पहला मैच 12 फरवरी को चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से खेलेगी। 10 टीमों का टूर्नामेंट 17 दिन तक चलेगा। आगे स्टोरी में हम टूर्नामेंट की टीमें, टाइमिंग और शेड्यूल से लेकर सभी जरूरी बातें जानेंगे। साथ ही टूर्नामेंट के कुछ अहम रिकॉर्ड्स भी देखेंगे।

### 17 दिन में होंगे 23 मैच

इस बार का टी-20 वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका की मेजबानी में खेला जाएगा। 17 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 26 फरवरी को केप टाउन में होगा। 10 टीमों को 5-5 के 2 अगल ग्रुपों में बांटा गया है। 21 फरवरी तक 10 टीमों के बीच ग्रुप स्टेज के 20 मुकाबले खेले जाएंगे। ग्रुप स्टेज के कुछ मुकाबले शाम 6=30 और कुछ रात 10=30 बजे से शुरू होंगे। दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। 23 और 24 फरवरी को दोनों सेमीफाइनल के बाद 26 फरवरी को केप टाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। सभी नॉकआउट मुकाबले शाम 6=30 बजे से शुरू होंगे।

### भारत के ग्रुप में 2 वर्ल्ड चैंपियन टीमें

इस बार टूर्नामेंट में 10 ही टीमों को रखा गया। 5 टीमों को ग्रु प-1 और बाकी 5 टीमों को ग्रुप-2 में रखा गया। टीम इंडिया एक-एक बार की चैंपियन इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के साथ ग्रुप-2 में है। पाकिस्तान और आयरलैंड भी इसी ग्रुप में हैं। वहीं, डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के साथ ग्रुप-1 में है।

### भारत का पहला मैच पाकिस्तान से

12 फरवरी को टीम इंडिया अपना पहला मैच पाकिस्तान से खेलेगी। केप टाउन में ही भारत का मैच शाम 6=30 बजे से शुरू होगा। 15 फरवरी को वेस्टइंडीज, 18 फरवरी को इंग्लैंड और 20 फरवरी को आयरलैंड से भारत के बाकी मैच होंगे। सभी मैच शाम 6=30 बजे से शुरू होंगे। इंडिया विमेंस टीम हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में उतरी है। हरमनप्रीत की ही कप्तानी में टीम इंडिया ने 2020 में पिछला टूर्नामेंट खेला था। तब टीम फाइनल में पहुंची थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हारकर खिताब नहीं जीत सकी थी। हरमनप्रीत की ही कप्तानी में टीम ने पिछले महीनों बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स का फाइनल भी खेला था। ऐसे में टीम इस बार खिताब जीतने की प्रबल दावेदार भी मानी जा रही है।

# विषयोग के कारण गिरे अडानी के शेयर, अगले साल करेंगे वापसी

**ख्यातिलब्ध कार्यक्रम यशभारत प्राइम टाइम में आज गौतम अडानी और हिन्डनबर्ग रिपोर्ट को लेकर देश की राजनीति और आर्थिक पक्ष के मसले पर यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने पं. लोकेश व्यास से विस्तृत चर्चा की। इस दौरान श्री व्यास ने बताया कि विषयोग के कारण ही अडानी की कंपनी के शेयरों में गिरावट आई है। लेकिन वह अगले साल वापसी कर सकेंगे। गौतमी अडानी इन दिनों बेहद कठिन दौर से गुजर रहे हैं।**

यश भारत जीवन ज्योतिष

वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

| इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के इन सभी चैनलों में देखें प्रसारण | |
|---|---|
| यूसीएन में | 81 |
| डिजियन में | 91 |
| हैथवे में | 598 |

youtube- yashbharat .co.in

दरअसल इन पर अमेरिका की एक रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की 25 जनवरी की रिपोर्ट ने भारत सहित पूरे विश्व में हलचल मचा दी है। रिपोर्ट में बड़ी धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि यह कारपोरेट जगत की सबसे बड़ी धोखाधड़ी है। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद से लगातार अडानी ग्रुप का शेयर गिरता जा रहा है और दुनिया भर के धनकुबेरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर चल रहे अडानी अचानक से पायदान दर पायदान नीचे आते जा रहे हैं।

## यह है विष योग

पंडित लोकेश व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में तुर्की सहित अन्य देशों में जो भूकंप आया है वैसा ही भूकंप गौतम अडानी की कुंडली में आया हुआ है। जिसके बाद से शेयर गिरने शुरु हुए। गौतम अडानी की कुंडली में शुक्र की महादशा में शनि की अंतरदशा और चंद्रमा की प्रत्यंतर दशा विष योग का निर्माण करती है। चंद्रमा शनि की युति भी विष योग का निर्माण करती है शनि ग्रह का 1 7 जनवरी 2023 को मकर राशि से निकलकर कुम्भ मे जाना जो कि



**यशभारत प्राइम टाइम में पं. लोकेश व्यास से संस्थापक आशीष शुक्ला की विशेष चर्चा**

### गौतम अडानी के ग्रह बेहद ताकतवर

श्री लोकेश व्यास ने बताया कि गौतम अडानी की जन्म की बात करें तो ग्रह नक्षत्र बेहद ताकतवर है। कुंडली में गुरु और चंद्रमा गजकेशरी योग का निर्माण कर रहे है। भाग्यघर का मंगल अद्भुत है। कुंडली निश्चित रूप से बेहद विलक्षण है।

### राजनीति बेहद गर्म, विदेशी ताकतों का रहेगा प्रभाव

ग्रहों का प्रभाव बताता है कि फिलहाल अडानी के शेयर गिरने के बाद राजनीतिक माहौल बेहद गर्म है। विदेशी ताकतों का प्रभाव रहेगा। आगे चलकर अडानी के स्वास्थ्य में भी गिरावट देखने को मिलेगी। लेकिन वह अगले साल तक वापसी कर लेंगे।

## यह पहली घटना नहीं

श्री व्यास ने बताया कि उनके जीवन में उथलपुथल होना कोई पहली घटना नहीं है। इसके पहले भी 1998 में उनका अपहरण हुआ था और 2008 में होटल ताज में हमले के चलते वह पूरी रात होटल के बेसमेंट में थे। लेकिन सुरक्षित थे। उनके ग्रहों की ही यह ताकत थी। जिन्होंने उन्हें पुनर्जीवित किया। गौतम अडानी की कुंभ राशि है और भगवान शनि की साढेसाती का दूसरा चरण है। ग्रह ही राज्य देते है और उनका हरण भी कर लेते है। जगतपिता ब्रम्हा जी से ज्यादा तो कोई नहीं जानता। फिलहाल जुलाई और अक्टूबर 2023 का समय उनके लिए बेहद कठिन है।

गोतम अडानी की राशि है और कुंभ राशि पर साढ़े साती का दूसरा और महत्वपूर्ण चरण प्रारंभ हुआ है ।

## एलआईसी और एसबीआई के निवेशकों का पैसा रहेगा सुरक्षित

पंडित लोकेश व्यास ने यश भारत प्राइम टाइम में बताया कि एलआईसी और एसबीआई निवेशकों का पैसा सुरक्षित रहने के योग प्रबल है आगे स्थितियां व्यवस्थित होंगी निवेशकों को चिंता करने की जरूरत नहीं है।



### बालसागर खसरा नंबर 662 के अतिक्रमण को लेकर विवाद

# बिल्डरों ने दिया धोखा, सजा भुगतेंगे प्लाट खरीदने वाले

**जबलपुर, यशभारत।** शास्त्री नगर बालसागर में सुबह-सुबह नेताओं और लोगों को जमावड़ा देखा गया। दरअसल खसरा नंबर 662 के अतिक्रमण हटाए जाने की चर्चा आज सुबह हो रही थी इसी जानकारी जब महापौर जगत बहादुर अन्नू सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिंकु विज, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा अभिलाष पाण्डे को लगी तो वह मौके पर पहुंच गए। हालांकि प्रशासन ने आज किसी भी तरह की अतिक्रमण कार्रवाई से इंकार किया है। बताया जा रहा है कि बालसागर खसरा नंबर 662 ग्रीन बेल्ट वाला क्षेत्र है और उसमें कॉलोनी का निर्माण कर दिया गया है जिसको लेकर न्यायालय में भी केस चल रहा है। सुबह से क्षेत्र में चर्चा थी कि नगर निगम और जिला प्रशासन अतिक्रमण की कार्रवाई करने वाला है। इसको लेकर कॉलोनी के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों को लगी दोनों दल के नेता मौके पर पहुंचे लोगों को समझाइश दी। मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों को प्रशासनिक अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया जहां पर कॉलोनी बनी है वह एरिया ग्रीन बेल्ट का है बाबजूद मकान और प्लाटिंग कर दी गई है। अधिकारियों के जवाब सुनने के बाद जनप्रतिनिधियों ने मांग रखी कि जिन बिल्डरों ने लोगों को धोखे में रखकर प्लाट बेचे है उन पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए साथ ही लोगों को पैसा वापस करना चाहिए।

**महापौर-नगर निगम अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष से लेकर अन्य नेता पहुंच**

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द ने किया परमहंस माता ललिताधाम का भूमि पूजन



**गुरुकुलम, माँ ललिता देवी मंदिर, वृद्धाश्रम, गौशाला एवं आध्यात्मिक केन्द्र की आधारशिला भी रखी**

**जबलपुर यशभारत।** नगर से सटे बेलखाडू गाँव में आज सुबह विराट संत समागम के बीच शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज द्वारा मंत्रोच्चार के बीच परमहंस माता ललिताधाम का भूमि पूजन कर एक हजार से ज्यादा छात्रों के लिए जगदगुरू गुरुकुलम, माँ ललिता देवी मंदिर, वृद्धाश्रम, गौशाला एवं आध्यात्मिक केन्द्र की आधारशिला रखी ।उल्लेखनीय है कि ग्राम बेलखाडू (भगौडी) के श्रीमती ममता गर्ग एवं धीरेन्द्र गर्ग द्वारा अपनी माता जी परमहंस माँ ललिता देवी की स्मृति में लगभग 8 एकड़ भूमि ज्योतिषपीठाधीश्वर जगदगुरू शंकाराचार्य को अध्यात्मिक केन्द्र निर्माण हेतु दान दी है। धीरेन्द्र गर्ग ने बताया कि इस भूमि पर विशाल व भव्य मॉ ललिता देवी का मंदिर 1008 छात्रों के लिए देश के पहले जगदुरुकुलम् के निर्माण, माँ ललितादेवी का भव्य मंदिर, वृद्धाश्रम एवं गौशाला एवं एक भव्य अध्यात्मिक केन्द्र का निर्माण होगा। जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज के आगमन पर उनका पादुका पूजन श्रीमती ममता गर्ग एवं धीरेन्द्र गर्ग द्वारा किया गया। भूमि पूजन के बाद उनका दिव्य प्रवचन तथा संत समागम भी होना है जिसमें संस्कारधानी के समस्त संत जनों की पावन उपस्थिति हैं। संयोजक धीरेन्द्र गर्ग ने बताया कि आने वाले समय में संस्कारधानी के करीब परम पूज्य शंकराचार्य जी के आशीर्वाद से एक दिव्य अध्यात्मिक केन्द्र स्थापित किया जा रहा है। जिसकी कीर्ति संपूर्ण देश में फैलेगी उन्होंने समस्त धर्मावलम्बियों से कार्यक्रम में उपस्थिती की अपील की है। इस मौके पर विनोद उपाध्याय, ब्रजेश दुबे अधिवक्ता, संजय गुरु, मनोज उपाध्याय एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। ।

# रवि चौबे के अग्रज श्री रमाशंकर चौबे का निधन



**जबलपुर।** यशभारत परिवार के रवि चौबे के बड़े भाई श्री रमाशंकर चौबे का 55 वर्ष की आयु में निधन हो गया । वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। अंतिम यात्रा निज निवास गढ़ाफाटक अरुण शुक्ला मार्ग से आज शाम चार बजे रानीताल मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।

## अजित कुमार जैन का निधन

**जबलपुर।** दीक्षितपुरा सिंधी कालोनी निवासी अजित कुमार जैन कटनी वालों का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया । वह बसंत कुमार जैन के साले थे अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में किया गया।

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन, Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

साई हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्दी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, मॉसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
व्यावसायिक पूछताछ 9826035091
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

यश भारत परिवार को 17वें वर्ष में प्रवेश पर हार्दिक शुभकामनाएं
आदित्य हॉस्पिटल
आदित्य प्राईम हार्ट केयर सेंटर
24/7 Emergency Services
अधिक जानकारी के लिए QR Code स्कैन करें
डॉ. हरिशंकर चन्देल
एम.डी., डी.एम (कॉर्डियोलॉजी), हृदय रोग विशेषज्ञ
: उपलब्ध सेवायें :
एंजियोग्राफी * एंजियोप्लास्टी * पेसमेकर * बायपास सर्जरी
: उपलब्ध जाँचें :
ई.सी.जी. * ईको * टी.एम.टी. * ब्लड टेस्ट
CGHS, CSMA, ECHS, COAL INDIA, RAILWAY, MP POLICE, AYUSHMAN, समस्त MEDICLAIM राज्य कर्मचारियों एवं केन्द्रीय कर्मचारियों हेतु अधिकृत
ओ.पी.डी नम्बर : 9522245454, 0761-4085643
इमरजेंसी नम्बर : 9522976777, 9522936888
आदित्य प्राईम हार्ट केयर सेंटर
लिटिल किंगडम स्कूल के सामने, होम सांइस कॉलेज रोड नेपियर टॉउन, जबलपुर (म.प्र.)
-: संपर्क सूत्र :- 9329288665 6264777061

निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता के स्तंभ
यश भारत
नये जमाने के साथ
के सफलतम 17वें वर्ष में प्रवेश पर हार्दिक शुभकामनाएं
आज भी नम्बर 1 यश भारत सफलता के 16 वर्ष पूर्ण
मेसर्स
हरक्यूलिस माइनिंग एण्ड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड
डायरेक्टर- लकी सचदेवा
रजिस्टर्ड ऑफिस - हीरागंज, कटनी (म.प्र.)

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

केला चिप्स
AK's
चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन ड्राई फूड
रोस्टेड चना | रोस्टेड पी नट | नमकीन | चिक्की | ड्राई फ्रूट
जनता साईकिल के बाजू में, बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
मो. 7987145201, 9993418910

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)